श्रीमद्विजयानन्द सूरिचरणकमलेभ्यो नमः

श्री आत्मानन्द-द्वासप्ततिः

(एक माला बन्ध काव्य के ७२ अर्थ)

कर्त्ता

स्वामी योगजीवानन्द सरस्वती

११३४

टीका कर्त्ता

श्रीमान् पण्डित बैजनाथ शर्मा, शास्त्री व भिषगाचार्य,

जिसे

बाबू जसवन्तराय जैनी, देहली

द्वारा

शहर अम्बाला के सद्गत लाला लालचन्दजी
जैन की धर्मपत्नी

सद्गत श्रीमती द्रौपदी बाई फण्ड के
ट्रस्टियों ने छपवाया

विक्रम स० १९९७ } प्रथमावृत्ति १००० { वीर सम्वत् २४६७
ईस्वी सन् १९४० } मूल्य ।) { आत्म सम्वत् ४५

प्रकाशक,
ट्रस्टी श्रीमती द्रौपदी बाई फण्ड,
अम्बाला ।

पुस्तक मिलने का पता:—

बा० जशवन्तराय जैनी,

कटरा मशरू, दरीबा कलां

दिल्ली ।

मुद्रक,
एम. एन. ठुलल,
फेडरल ट्रेड प्रेस,
नया बाज़ार, दिल्ली

श्रीमद्विजयानन्द सूरिजी (आत्मारामजी) महाराज के
पट्टधर श्रीमद्विजयवल्लभ सूरिजी महाराज
जन्म वि० सं० १९२७ बड़ौदा ।

॥ समर्पण ॥

श्री १००८ श्रीमान् तपागच्छाधिपति

पट्टप्रतिष्ठित जैनाचार्य

श्री विजयवल्लभ सूरि जी महाराज

के कर कमलों में

महामुनि सूरि श्री १००८ श्री आत्मारामजी

की

यह चारुचरितावली भक्तिभाव

से

सादर समर्पित

बैजनाथ शर्मा शास्त्री

अशुद्धशुद्धि पत्र

पृष्ट	पङ्क्ति	अशुद्धशब्दा:	शुद्धशब्दा:
२	१०	सिद्वेः	सिद्धेः
३	८	प्रकीर्त्तिताः	प्रकीर्त्तितः
५	१५	त्क एतदेव	त्कः"—एतदेव
७	१	गुजर', इत्यद	गुज़र" इत्युद
७	१६	धनुष्यतः	धनुष्मतः
६	४	णाऽऽध्ययन	णाऽध्ययन
१०	१०	प्रभत्र कियाः	प्रभव क्रिया
१०	१४	मरणादि	मरणादि
११	२	श्रीमद्भागव	श्रीमद्भगव
१३	१२	मालाऽऽक्रुते—	मालाऽऽक्रुते
१४	१६	प्रकुऽन्येवमेव	प्रकृतेऽप्येवमेव
१५	१३	संस्कराद्विज	संस्काराद् द्विज
१६	१	पदेशेनएव	पदेशेन त एव
१६	१८	युगधर्मनुश्रित्य	युगधर्ममनुश्रित्य
१८	५	शारीरिक उदासीनता की चिन्ता)	शरीर की चिन्ता
२१	४	तापऽनुवृत्या	तापाऽनुवृत्या
२३	५	सहितस्य हि	सहि--तस्यहि
२४	१२	प्रचार वान्नित्यर्थः	प्रचर वानित्यर्थः
२८	२०	दीर्घकरान्तो	दीर्घऋकारान्तो
२६	६	चिक्ये नावजित	चिक्येनावार्जित
३४	१४	ओं-रत्तणक्केदारौः	ओ-रत्तणक्केदारौ
४१	२	त्वत्तः पूवमाप	त्वत्तःपूर्वमपि
४३	११	त्येव ञ्छीलः	त्येवं शीलः
४५	६	यथेन्द्रोः	यथेन्दोः

८३	२	प्रवर्षयिष्यत्यत्याद्या-,	प्रवर्त्तयिष्यतीत्याद्या-
१०२	५	अथैकञ्जाशत्तमोर्थः,	अथैकपञ्चाशत्तमोऽर्थः
१०३	१०	पूर्णार्थ	पूरणार्थ
१०४	१७	तन्त्रेणेव	तन्त्रेणैव
१०५	१३	दशोत्तरत्रिणवति	दशशतोत्तरत्रिणवति
१०६	४	अतश्चतुष्टयत्वम्,	अतश्चतुष्ट्वम्
१०६	१७	नचादि	नचत्रादि
१११	८	घटिकास्त्रति,	घटिकास्विति
११२	१२	नाम्नीत एव,	नाम्नी+इत एव
११२	१२	ज्ञायते	ज्ञायेते
११६	१३	चन्द्रिकेऽधीते,	चन्द्रिके अधीते,
१२६	१७	दायादेष्वेष,	दायादेष्वेव
१२६	५	कर्मकर्त्तारि	कर्मकर्त्तारो
१३०	११	विख्यानदाता	व्याख्यानदाता
१३२	१	ध्वनितम्	ध्वनितः
१३४	७	वाले जो कामदेव शिवजी महाराज	वाले शिवजी महाराज का शत्रु भी कामदेव ही हुआ
१३५	१	निग्रकोटयाँ	निग्रह्कोट्याँ
१३५	१५	ततोऽशिष्ट	ततोऽवशिष्ट
१३७	४	सप्रार्थितो	संप्रार्थितो

पंजाब देशोद्धारक न्यायांभोनिधि जैनाचार्य १००८ श्री मद् विजयानंद सूरीश्वर जी महाराज के परम भक्त स्वर्गीय

बाबू जसवंत राय जी जैनी

जन्मः—
होशियारपुर (पंजाब) वि० सम्वत् १९२८ चैत्र सुदी ६।

स्वर्गवासः—
देहली वि० सम्वत १९९८ सावन बदी १३।

आपने अपनी सारी जिन्दगी में गुरु देव तथा जैन समाज की सेवा में अपनी जिन्दगी का अधिक से अधिक समय देते हुये श्री आत्मानन्द जैन सभा के मंत्री का काम करते हुये श्री आत्मानन्द जैन पत्रिका का संपादन किया। कितने ही ग्रन्थ और ट्रैक्ट प्रकाशित किये। श्री आत्मानन्द जैन गुरुकुल तथा हस्तिनापुर तीर्थ के आखीर तक आडीटर रहे। अंत में इस ग्रन्थ को प्रकट करके और बम्बई में श्री आत्मानन्द जैन सभा स्थापन कराके देहली में अचानक हार्ट फेल होने से परलोक पधार गये।

आपका लघु पुत्र "धर्म"

सद्धर्मोद्धारक विश्व-विख्यात न्यायांभोनिधि—

"जैनाचार्य्य श्री १००८ श्रीमद् विजयानन्द सूरीश्वर जी।"

Caslon Printing Works, Delhi.

(श्री आत्माराम जी महाराज)

प्रस्तावना

जीवों के आवागमन रूप यह जगत्—संसार अनादि अनंत है। अनादि काल से प्रभाह रूप चला आया है और चला जायगा, न आदि है, न अन्त होगा, यह है जैनधर्म का मुख्य सिद्धान्त। परन्तु कई लोगों के मन में जगत् अनादि होने में शंका रहती है। इस शंका को निवारण करने के लिए अनेक युक्ति प्रमाणों की आवश्यकता है। परन्तु स्थान संकुचितता के कारण केवल एक पाश्चात्य विद्वान् की साक्षी ही पर्याप्त होगी, क्योंकि पाश्चात्य व्यक्तियों के कथन पर प्रायः लोगों को शीघ्रतर विश्वास आता है। कहा भी है कि "घर का जोगी जोगड़ा, बाहर का जोगी सिद्ध"। देखिये, डाक्टर वेल साहिब ने दुनिया का इतिहास लिखा है। उसका हिन्दी अनुवाद भी पुस्तकाकार छपा है। उसमें से जगत अनादि होने के सम्बन्ध का लेख यहाँ अक्षरशः उद्धृत किया जाता है—

"यह सर्वसम्मत सिद्धान्त है कि जिस विश्व में हम रहते हैं, वह युग-युगान्तरों से और संभवतः अनादिकाल से ऐसा ही चला आता है, विश्व को छै या सात हजार वर्ष का पुराना मानने का सिद्धान्त अब सर्वथा मिथ्या सिद्ध हो चुका है।"

मित्रो ! यद्यपि यह एक ही प्रमाण जगत् की अनादि सिद्धि में प्रबल प्रमाण है, तथापि और प्रमाण देने का प्रयत्न इसी लेख के अन्तर्गत किया जावेगा। जैन-धर्म प्राचीन-से-प्राचीन स्वतन्त्र आस्तिक आर्य धर्म है। तो भी इसे नास्तिक धर्म कहनेवाले अनेक लोग विद्यमान हैं। यह सब उन लोगों की कल्पना अल्पज्ञता का चिह्न है। वास्तव में वह आस्तिक नास्तिक के भेद को जानते ही नहीं। इस विषय पर बड़ी लम्बी-चौड़ी चर्चा है, जो यहाँ नहीं लिखी जा सकती, और नांही उसके लिखे जाने का प्रसंग और आवश्यकता। जो लोग इस विषय की चर्चा सम्बन्धी ज्ञान प्राप्त करने के अभिलाषी हों, वह विविध प्रकार के जैनग्रन्थों से वा जैनतत्वादर्श, तत्वनिर्णयप्रासाद और अज्ञानतिमिरभास्कर आदि हिन्दी पुस्तकें श्रद्धापूर्वक निष्पक्ष बुद्धि से अध्ययन करें तो उनको स्वतः मालूम हो जायगा कि नास्तिक वह है, जो ईश्वर को न माने, आत्मा को न माने, पुण्य, पाप, जीवन, मरण, परलोक, नरक, स्वर्गादि यावत्-मुक्ति न माने। जैनधर्म इन सबका प्रतिपादक और पोषक है। अतः जैनधर्म को नास्तिक धर्म कथन करना सरासर जैनधर्म पर मिथ्यारोप लगा कर साम्प्रदायिक वैरभाव की अग्नि भीतर-ही-भीतर ज्वलन्त रखना है। जैनधर्म के सिद्धान्त के अनुसार ईश्वर अनादि अस्ति रूप है। पुण्य-पापादि स्वकृत्यों की परवशता से जीव नरक स्वर्गादि गतियों में जन्ममरण धारण करता है और तप जपादि सत्कृत्य करके कर्ममल से रहित हो जीव अव्याबाध मुक्ति को प्राप्त हो सकता है। अतः जैनधर्म आस्तिक

०, स्वतन्त्र धर्म है, किसी की शाखा नहीं। देखिये, श्री वरदाकांत मुख्योपाध्याय एम० ए० बङ्गाल लिखते हैं कि—**"जैनधर्म हिन्दुधर्म से सर्वथा स्वतन्त्र है, उसकी शाखा वा रूपान्तर नहीं है। पार्श्वनाथजी जैनधर्म का आदि प्रचारक नहीं था, परन्तु इसका प्रथम प्रचार ऋषभदेवजी ने किया था"** लीजिये एक और प्रबल प्रमाण—श्रीयुत् तुकारामकृष्ण शर्मा भट्ट बी० ए० पी० एच० डी० एम० आर० ए० एस० एम० ए० एस० बी० एम० जी० ओ० एस० प्रोफेसर संस्कृत शिलालेखादिक विषयों के अध्यापक क्वीन्स कालेज बनारस के दशम वार्षिकोत्सव पर दिये व्याख्यान में कहते हैं कि—**"सबसे पहिले इस भारतवर्ष में ऋषभदेव नाम के महर्षि उत्पन्न हुए, वे दयावान, भद्रपरिणामी पहले तीर्थंकर हुए"**। इति जैनधर्म की स्वतन्त्र सिद्धि।

इतने प्रबल प्रमाण होने पर भी जो लोग जैनधर्म को बौद्ध धर्म से निकला वा बौद्धधर्म की शाखा मानते हैं, वह सर्वथा अपनी अल्पज्ञता और मूर्खता का परिचय देते हैं। यह विषय भी बड़ा चर्चास्पद है, इस पर केवल कुछ विद्वानों के उद्गार प्रकट करना पर्याप्त होगा। श्रीयुत अम्बजाक्ष सरकार एम० ए० बी० एल० "जैनदर्शन जैनधर्म" में लिखते हैं कि—**"यह अच्छी तरह प्रमाणित हो चुका है कि जैनधर्म**

बौद्ध-धर्म की शाखा नहीं है।"

श्रीयुत वासुदेव नरहर उपाध्याय बड़ोदा (Baroda) मराठीशाला नं० १ हेडमास्टर कहते हैं कि **"जैनधर्म बौद्धधर्म से निकला हुवा नहीं, उसका उद्भव स्वतंत्र होने से उसने बौद्धधर्म से कुछ लिया भी नहीं॥"**

सर्वतंत्रस्वतन्त्र सत्सम्प्रदायाचार्य स्वामी राममिश्र शास्त्री जी अपने व्याख्यान में कहते हैं कि—**"जैनमत सृष्टि की आदि से बराबर अविछिन्न चला आया है, जैनमत से बौद्ध सिद्धान्त का जमीन आसमान का अंतर है॥"** इत्यादि अनेक प्रमाणों से जैनधर्म की प्राचीनता, जगत का अनादि होना और जैनधर्म की स्वतंत्र अनादि सिद्धि का किंचिद्स्वरूप प्रसंगवश कथनकर, अब हम जैन-धर्म के अवतारों के सम्बन्ध में कुछ दिग्दर्शन कराना उचित समझते हैं। जैसे वैदिकधर्म सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलयुग काल के भाग मानता है, वैसे जैनधर्म भी अवसर्प्पिणी, उत्सर्प्पिणीरूप काल के दो भागों के छै २ विभाग मानता है। दोनों भागों के तीसरे चौथे विभाग में जैनधर्म के अवतार—प्रणेता होते हैं, जिन्हें जैन प्रायः तीर्थंकर नाम से उच्चारण करते हैं। यह महान् पुरुष जीवनमुक्तात्मा, पूर्ण ब्रह्मज्ञानी, त्रिकालदर्शी संख्या में चौबीस होते हैं। अवसर्प्पिणीकाल के तीसरे विभाग में जब तीन वर्ष साढ़े आठ महीने बाकी थे, श्री नाभीराजा की

धर्मपत्नी श्रीमती मरुदेवी की कूख से प्रथम तीर्थंकर जन्मे। जिनका नाम श्री ऋषभदेव जी प्रसिद्ध हुआ, और जिनका भारतवर्ष में सबसे प्रथम महर्षि होना श्रीयुत तुकाराम कृष्ण के लेख से ऊपर सिद्ध कर आये हैं।

आज से २५३८ वर्ष पहले २४ वें अंतिम तीर्थंकर श्रीमान् महावीर भगवान् क्षत्रीकुंड नाम नगर में राजा सिद्धार्थ की धर्मपत्नी श्रीमती त्रिशलादेवी की कूख से जन्मे और ३० वर्ष पर्यन्त गृहवास के पीछे मुनिदीक्षा धारणकर, "अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतंकर्म शुभाशुभम्" इस नीति के अनुसार घोर तपस्या कर घाती कर्मों का क्षय कर केवलज्ञान—ब्रह्मज्ञान को प्राप्त कर और अनेक जीवों के उपकार के लिये मुक्ति के सत्यमार्ग का उपदेश देकर आज से २४६६ वर्ष पहले पावापुरी में जन्म मरणादि दुःखों से रहित हो, सच्चिदानंद अनन्त सुखमय मुक्तावस्था को प्राप्त हुए।

श्री महावीर भगवान् के निर्वाण से २५० वर्ष पहले २३ वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ भगवान् १०० वर्ष की आयु पूर्ण कर मोक्ष गये। इनकी जन्म नगरी बनारस, पिता का नाम राजा अश्वसेन, माता का नाम श्रीमती वामादेवी था।

श्री पार्श्वनाथ भगवान् के निर्वाण से ८३७५० वर्ष पहले २२ वें तीर्थंकर श्रीनेमिनाथ भगवान् जो श्रीकृष्ण महाराज के चचेरे भाई थे, एक हज़ार वर्ष का आयुष्यपूर्ण कर निर्वाणपद (मुक्ति) को प्राप्त हुए। इनका जन्म नगर शोरीपुर, पिता राजा

समुद्रविजय, माता श्रीमती शिवादेवी थीं।

इसी प्रकार पूर्वभूत २१ तीर्थंकरों का अंतरमान आदि का संपूर्ण वर्णन श्रीकल्पसूत्रादि ग्रंथों में लिखा है, वा जैन तत्वादर्श से देख लेवे। यहाँ हम केवल उनका संयुक्त काल प्रमाण ही लिख देते हैं, जो एक कोटा कोटी सागरोपम से १२६००३ वर्ष साढ़े आठ महीना कम है। जैनधर्म का स्वरूप बड़ा गहरा समुद्र है, कौन पार पा सकता है, मैं तो केवल जैनधर्म के स्वरूप का दिग्दर्शन ही कराने की चेष्टा कर रहा हूँ।

अब मैं यह प्रकट करना चाहता हूं कि श्रीमन्महावीर भगवान् के पीछे आज तक अर्थात् लगभग ढाई हजार वर्ष के भीतर कौन २ प्रभावक, प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित, परमपूज्य, जैनधर्म-रक्षक और जैनसाहित्यप्रवर्द्धक ऋषि, मुनि, सन्त, महन्त होते रहे हैं और हमारी आंखों के सामने बीसवीं सदी के एक देदीप्यमान सूर्य समान महान् व्यक्ति मुनिराज न्यायांभोनिधि जैनचार्य श्रीमद्विजयानन्द सूरिसम्राट् प्रसिद्ध नाम श्री आत्माराम जी महाराज कैसे प्रभावशाली और शक्तिशाली हो गये हैं।

श्री मन्महावीर भगवान् के पीछे अनेक जैनधर्म के धोरी, लब्धिधारी, शास्त्रपारगामी, विजयपताकाधारी, राजामहाराजाओं के प्रतिबोधक, गीतीर्थ मुनिपुंगव हो गये हैं। सबके चारित्र लिखने का न यहां प्रयोजन है, न मेरी शक्ति और न सामग्री। केवल इतना लिख देना पर्याप्त होगा कि श्री महावीर भगवान् के हस्तदीक्षित ब्राह्मणकुलोत्पन्न वेदपाठी इंद्रभूति, वायुभूति,

अग्निभूति, सुधर्मा स्वामी प्रमुख ११ गणधर विद्वत्शिरोमणि जैनशासन के महारथी हुए। इनके पीछे दशवैकालिक सूत्र के कर्त्ता **आर्य श्रीशय्यंभव** और निर्युक्तिकारक **श्रीभद्रबाहुस्वामी** पंचम श्रुतकेवली परम विख्यात हुए हैं।

श्रीसिद्धसेनदिवाकर—परमकाव्य कुशल और शक्तिशाली, 'कल्याण मन्दिर' स्तोत्र महाकाव्य के पाठ से श्री पार्श्वनाथ भगवान् की मूर्ति पृथ्वीतल से प्रकट करनेवाले महाराजाधिराज विक्रम के समय में हुए। सर्वोच्चकोटि का **'सम्मति तर्क'** नाम शास्त्र रचकर जैनन्यायशास्त्र की प्रगति की है।

श्रीमल्लवादी—राजा शिलादित्य के राज्य में बौद्धों को पराजय कर जयपताका प्राप्त करनेवाले!

श्रीमानतुंगाचार्य—श्री आदीश्वर भगवान् की 'भक्तामर' काव्यों द्वारा स्तुति कर निगड़ बन्धनों से निर्मुक्त हो जैनशासन की महिमा करनेवाले, भयहर स्तोत्रकर्त्ता।

श्रीअभयदेवसूरि—नवअंगटीकाकार और जयतिहूयण स्तोत्रकर्त्ता।

श्रीवादिदेवसूरि—स्त्रीनिर्वाणसिद्ध करके दिगंबराचार्य श्री कुमुदचन्द्र पर विजय पानेवाले।

कालिकालसर्वज्ञ श्रीहेमचन्द्राचार्य—गुर्जर नरेश श्री कुमारपाल प्रबोधक, योगशास्त्र, त्रिषष्ठि शलाका पुरुष चरित्र, व्याकरण, न्याय, काव्य, अलंकार, छंद, ज्योतिष, कोश आदि प्रायः सब विषयों के अनेक अमोलक ग्रन्थ साढ़े तीन करोड़

श्लोक प्रमाण साहित्य के रचनेवाले।

श्रीहरिभद्रसूरि—महान्प्रभावक आचार्य, १४४४ ग्रंथों के रचने वाले, आवश्यकसूत्र दशवैकालिकसूत्रादि की टीका और शास्त्रवार्त्तासमुच्चय आदि के कर्त्ता।

श्रीविजयहीरसूरि—मुगल सम्राट् अकबर को प्रतिबोध दे कर हिंसा छुड़ाने वाले, जैनतीर्थों की रक्षा और यात्रिओं से कर (TAX) न लेने के फरमान प्राप्त करने वाले महान् प्रतापी !

शास्त्रविशारद श्रीयशोविजयजी उपाध्याय—काशी में विद्वत्शिरोमणि ब्राह्मणों से सत्कार प्राप्त करनेवाले, अद्भुत स्मरणशक्तिशाली, अनेक न्यायग्रन्थों के रचनेवाले।

न्यायांभोनिधि श्रीविजयानन्दसूरि—यह महात्मा बीसवीं सदी के परमप्रसिद्ध जैनाचार्य हुए। यहाँ इनके चरित्र के संबन्ध में कुछ विशेष लिखने की आवश्यकता है, जो हम नीचे लिखते हैं:—

श्रीमद्विजयानन्दसूरि (श्री आत्मारामजी महाराज)

यह महात्मा भारत उपरान्त पाश्चात्य देशों में भी सुप्रसिद्ध जैनाचार्य हुए हैं। इनकी जीवनकथा बड़ी मनोहर घटनापरिपूर्ण, शिक्षाप्रद और पढ़ने योग्य है। जिनके संपूर्ण लिखने की यहाँ आवश्यकता नहीं, क्योंकि हिन्दी, गुजराती, उर्दू भाषाओं में नये-नये ढंग के लिखे हुए कई जीवनचरित्र विद्यमान हैं। यहां तो केवल संक्षेप से इतना ही दिखलाना है कि वह कौन थे, कब हुए, जैनधर्म में कैसे आये और इस **"आत्मानन्द द्वासप्तति"** पुस्तक की रचना क्यों, कब, किसने, कैसे और किसके लिए की ?।

श्री आत्मारामजी महाराज का शुभजन्म विक्रमसम्वत् १८६४ (गुजराती १८६३) महा मंगलकारी चैत्र शुदी १ के दिन श्रीमान् गणेशचन्द कपूर क्षत्रिय कुल में श्रीमती रूपादेवी माता की कूख से जीरा (जिला फीरोजपुर, पंजाब) के पास **लहरा** गांव में हुआ। इनके पिता के परम मित्र लाला जोधामल ओसवाल जीरा में एक प्रतिष्ठित और ऋद्धिबृद्धिसम्पन्न श्रावक रहते थे। व्यावहारिक शिक्षण के लिये इनके पिता ने इस बालक को छोटी ही अवस्था में लाला जोधामल के पास छोड़ दिया। जिन्होंने अपने पुत्रों के समान इनका पालन पोषण किया। समय समय पर ढूंडिये साधुओं का जीरा में आगमन हुआ करता था। लाला जोधामल आदि की संगति से यह भी उन साधुओं के पास जाने लगे, पढ़ने लगे, समयान्तर में इन्हीं ढूंडियें साधुओं का चेला बनने की प्रबल इच्छा प्रकट की, माता का विरोध होने पर उसे समझा बुझाकर सम्वत् १९१० (अनुमान १६ वर्ष की चढ़ती युवावस्था) में श्री जीवनमलजी ढूंडिये साधु के चेले बने।

ढूंडियों की सम्प्रदाय के माने ३२ शास्त्रों का पूर्ण अध्ययन करने के पीछे सूत्रों के अर्थों की तुलना करने पर इन्हें ढूंडियों के बताये और व्याकरण द्वारा किये अर्थों में बड़ा अन्तर मालूम होने लगा क्योंकि व्याकरण ही शास्त्रों के भण्डार की तालिका है। उक्तंच—

यद्यपि बहु नाधीषे तदपि पठ पुत्र व्याकरणम् ।
स्वजनः श्वजनो माभूत् सकलं शकलं सकृत् शकृत् ॥

अपने गुरु तथा उस समय के मुख्य २ ढूंडिये साधुओं को कहा कि जैनशास्त्रों से मन्दिर, प्रतिमा पूजादि सिद्ध होते हैं। मुँहपत्ति में डोरा डालकर दिन रात मुँह बांधे रखना कहीं नहीं लिखा, शुचिनिमित्त रात्रि को तुम पानी क्यों नहीं रखते, इत्यादि अनेक शंकाओं का समाधान तो किसी ने क्या करना था, प्रत्युत अपने टोले से बाहर निकाल देने और आहार पानी न देने की धमकियाँ देनी शुरू कर दीं। इनकी तो नस-नस में क्षात्रधर्म का रक्त और सत्य की परीक्षा करने का जोश भरा था। विघ्नों की परवाह न करके अपने संकल्प में दृढ़ रहे—

विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति ।

इस न्याय के अनुसार ढूँडियों के वेष में ही रहकर अपनी धारणा के साधु और गृहस्थी श्रावक बनाने शुरू कर दिये। कई वर्ष अपने संकल्प की सिद्धि में लगा कर पीछे ढूंडियों के साधु बिशनचंद, चंपालाल, सलामतराय, निहालचंद आदि कई साधु और पंजाब के प्रायः सब शहरों के मुख्य-मुख्य प्रतिष्ठित और धनाढ्य गृहस्थों को मूर्तिपूजा आदि जैनधर्म का असली मन्तव्य समझाकर सत्यप्रचार रूप अपने परिश्रम में कृतकृत्य हुए और लुप्तप्रायः असली जैनधर्म का प्रकाश दिखला कर हजारों मनुष्यों को सन्मार्ग में लगा करके महान् उपकार किया, यह है श्री आत्मारामजी महाराज का क्रांतिकारी कार्य।

पंजाब से बिहार कर मार्ग में अनेक आपत्तियां, कष्ट और

विरोधियों के उपद्रव सहन करते करते मारवाड़ आदि देशों में सत्य जैनधर्म का प्रचार करते हुए आप अहमदाबाद (गुजरात) में पहुँचे। यहाँ सब सम्प्रदायों के साधुओं से सत्य की तलाश में मिलते रहे, अविछिन्न परंपरागत श्रीमद् बुद्धिविजय जी गणी के दर्शन कर जो बड़े वैरागी और साधुगुणसम्पन्न थे, बहुत प्रसन्न हुए और इनके ही पास मूर्तिपूजक संवेगमत की दीक्षा अपने सहचारी ढूँढिये साधुओं के साथ अंगीकार की। गुरू बुद्धिविजयजी ने आपका नाम **आनन्दविजय** रक्खा और बिशनचंद आदि के नाम श्रीलक्ष्मीविजय जी आदि रक्खे। कालान्तर में देशदेशान्तर में परिभ्रमण कर श्रीसिद्धाचल आदि अनेक तीर्थों की यात्रा की। स्वमत-परमत शास्त्रों के पारंगत बड़े भारी विद्वान् प्रसिद्ध हुए। अपनी मनोहरवाणी द्वारा पीयूषधारा—व्याख्यान से जनसमूह को तृप्त करते रहे।

आपके बुद्धिवैभव और मनोयोग की तुलना करनेवाला अन्य कोई समाज में न देखकर भारत के समस्त श्रीसंघने एक विचार होकर हजारों जैनों के समक्ष श्रीसिद्धाचल तीर्थ की छाया में पालीताना नगर में आपको संवत १९४३ मंगसिरवदि पंचमी को **न्यायाम्भोनिधि जैनाचार्य श्रीमद् विजयानंद सूरि** नाम से उद्घोषित किया। आपकी व्याख्यान शैली अद्भुत थी, सुनने वाले ही जानते हैं। आपके दर्शन करनेवाले, आपकी अमृतमयवाणी पान करके और धर्मतत्वों का स्वरूप श्रवण करके अत्यंत ही आनंद-मग्न हो जाते थे। सर्वगुणसम्पन्न इन महात्माने जैनतत्वादर्श,

अज्ञानतिमिरभास्कर, तत्वनिर्णयप्रासाद आदि कई ग्रन्थ हिन्दी भाषा में रचकर हिन्दी जाननेवालों पर असीम उपकार किया है। जिन्हें मारवाड़ी, गुजराती, पंजाबी, पूर्वी आदि अनेक लोग पढ़कर बहुत लाभ प्राप्त कर रहे हैं। एक पाश्चात्य विद्वान् डाक्टर रूडल्फ़हार्नल ने इनके रचे ग्रन्थों की और इनकी प्रशंसा में जो उद्‌गार प्रकट किये हैं, वह इसी पुस्तक 'श्री आत्मानंद द्वासप्तति' के फुटनोट में छपे हैं, देखो पृष्ट १२६ से १३२॥

इतना ही नहीं, अन्य अनेक विद्वानों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है, यहाँ केवल एक सन्यासी महात्मा का अभिप्राय लिख करके यह विषय यहाँ ही समाप्त करते हैं, वह है—वेदमतानुयायी, पंडितराज, राजामहाराजाओं की सभाओं में जयपताकाधारी, योगजीवानंद स्वामी परमहंस सन्यासी साधु, इन्होंने इन महात्मा के रचे जैनतत्वादर्श और अज्ञान-तिमिरभास्कर ग्रंथों को पढ़कर श्री आत्मारामजी महाराज के नाम एक पत्र लिखा था, जो हम यहाँ सम्पूर्ण उद्‌धृत करते हैं—

स्वस्ति श्रीमज्जैनेंद्र चरण कमल मधुपायितमनस्क श्रील श्रीयुक्त परिव्राजकाचार्य परमधर्मप्रतिपालक श्री आत्माराम जी तपगच्छीय श्रीन्मुनिराज, बुद्धिविजय शिष्य श्रीमुख जी को परिव्राजक योगजीवानन्द स्वामी परमहंस का प्रदक्षिणात्रय-पूर्वक क्षमाप्रार्थनमेतत् ॥ भगवन् व्याकरणादि नाना शास्त्रों के अध्ययनाध्यापन द्वारा वेदमत गले में बांध मैं अनेक राजा प्रजा के सभाविजय करे देखा व्यर्थ मगज मारना है। इतना ही फल

साधनांश होता है कि राजे लोग जानते समझते हैं फलाना पुरुष बड़ा भारी विद्वान है परन्तु आत्मा को क्या लाभ हो सकता देखा तो कुछ भी नहीं। आज प्रसंगवस रेलगाड़ी से उतर के बठिंडा राधाकृष्णमंदिर में बहुत दूर से आन के डेरा किया था सो एक जैनशिष्य के हाथ दो पुस्तक देखे तो जो लोग (दो चार अच्छे विद्वान जो मुझसे मिलने आये) कहने लगे कि यह नास्तिक (जैन) ग्रंथ है इसे नहीं देखना चाहिए अंत उनका मूर्खपणा उनके गले उतार के निरपेक्ष बुद्धि के द्वारा विचारपूर्वक जो देखा तो वो लेख इतना सत्य वो निष्पक्षपाती लेख मुझे देख पड़ा कि मानो एक जगत् छोड़ के दूसरे जगत् में आन खड़े हो गये ओ आबाल्यकाल आज ७० वर्ष से जो कुछ अध्ययन करा वो वैदिक धर्म बांधे फिरा सो व्यर्थसा मालूम होने लगा जैनतत्वादर्श वो अज्ञानतिमिरभास्कर इन दोनो ग्रंथों को तमाम रात्रि दिव मनन करता बैठा, वो ग्रंथकार की प्रशंसा बखानता बठिंन्डे में बैठा हूँ। सेतुबन्ध रामेश्वर यात्रासे अब मैं नैपाल देश चला हूं परन्तु अब मेरी ऐसी असामान्य महती इच्छा मुझे सता रही है कि किसी प्रकार से भी एक बार आपका मेरा समागम वो परस्पर संदर्शन हो जावे तो मैं कृतकर्म्मा हो जाऊं॥ महात्मन् हम सन्यासी हैं। आज तक जो पांडित्य कीर्ति लाभद्वारा जो सभाविजयी हो के राजा महाराजों में ख्यातिप्रतिपत्ति कमाय के एक नाम पंडिताई का हांसल करा है। आज हम यदि एकदम आप से मिले तो वो कमायी कीर्ति जाती रहेगी यह हम खूब

समझते वो जानते हैं परन्तु हठधर्म भी शुभ परिणाम शुभ आत्मा का धर्म नहीं। आज मैं आपके पास इतना मात्र स्वीकार कर सकता हूँ कि प्राचीन धर्म परम धर्म अगर कोई सत्य धर्म रहा हो तो जैनधर्म था जिसकी प्रभा नाश करने को वैदिक धर्म वो षट्शास्त्र वो ग्रंथकार खड़े भये थे परन्तु पक्षपात शून्य हो के कोई यदि वैदिक शास्त्रों पर दृष्टि देवे तो स्पष्ट प्रतीत होगा कि वैदिक बातें कही वो ली गई सो सब जैनशास्त्रों से नमूना इकठी करी है। इसमें संदेह नहीं कितनीक बातें ऐसी हैं कि जो प्रत्यक्ष विचार करे बिना सिद्ध नहीं होती हैं सम्वत् १६४८ मिति आषाढ सुदी १०. पुनर्निवेदन यह है कि यदि आपकी कृपा पत्री पाई तो एक दफ़ा मिलने का उद्यम करूंगा। इति योगानन्द स्वामी। किंवा योगजीवानन्द सरस्वति स्वामि—

योगाभोगानुगामी द्विजभजनजनिः शारदारक्तिरक्तः।
दिग्जेताजेतृजेतामतिनुतिगतिभिः पूजितोजिष्णुजिह्वैः
जीयाद्दायादयात्री खलबलदलनो लोललीलस्वलज्जः।
केदारौदास्यदारी विमलमधुमदोद्दामधामप्रमत्तः ॥१॥

उसी पत्र के साथ ५१ अर्थ गर्भित यह एक काव्य लिख भेजा था जिसमें महाराज श्री आत्मारामजी की विभूति की प्रशंसा है। कई वर्षों तक उसके अर्थ करने का किसी ने साहस न किया। समुद्र में कूदने का साहस करना कोई खेल न था। अतीव हर्ष का समय है कि आज से चार-पाँच वर्ष पहिले विहटा (वर्त्तमान अंबाला) निवासी श्रीमान् पंडित वैजनाथ शर्मा, शास्त्री तथा भिषगाचार्य ने

आशातीत इस काव्य के ७२ अर्थ करके काव्यकर्त्ता की विद्वत्ता और काव्यकुशलता को प्रकट करने के अतिरिक्त अपने बुद्धि-वैभव का परिचय देते हुए साहित्यसेवा और स्व-पर परिश्रम को सफल किया। परन्तु यह भी अप्रकाशित दशा में पड़ा रहने से किया परिश्रम भी तत्काल सफल न हो सका।

काव्यकर्त्ता और अर्थकर्त्ता दोनों विद्वानों के परिश्रम को सफल करने के लिए इनकी समग्र कृति को "श्री आत्मानंदद्वासप्तति" नाम पुस्तक के रूप में छपवाकर प्रकट किया जाता है, इसके छपवाने का सारा श्रेय जैनधर्मप्रभावक स्व-परमतनिष्णात जैनाचार्य श्रीमद्विजयानंद सूरीश्वरजी के पट्टधर वर्त्तमान जैनाचार्य श्रीमद्विजयवल्लभसूरिजी को है, जिन्होंने शहर अम्बाला निवासी सद्गत लाला लालचन्द जैन सराफ की धर्मपत्नी सुश्राविका सद्गत श्रीमती द्रोपदी प्रसिद्ध नाम सढौरो बाई के फंड के ट्रस्टियों से उपदेश द्वारा आर्थिक सहायता दिलाने में सुप्रयत्न किया है, एतदथ आपको और ट्रस्टियों को धन्यवाद दिया जाना है। नम्र निवेदन है कि इस पुस्तक के छपवाने का सुकार्य मुझे सौंपा गया था। कुछ भाग मेरी अनुपस्थिति में छपा है। यथा सम्भव शुद्धि का ध्यान रखा गया है, तो भी दृष्टिदोष वा यन्त्रालय की भूल से यदि कहीं अशुद्धि रह गई हों तो पाठक महोदय सुधारने की कृपा करें। किंबहुना सुज्ञेसु—

आत्मानंदोपासक—

देहली—७-६-४० जसवन्तराय जैन।

प्राथमिक नम्र निवेदन

सेवा में निवेदन है कि शहर अम्बाला की जैनसभा की तरफ से शताब्दी सूचनापत्र योगाभोनुगामी काव्य के साथ इस अभिप्राय का मिला कि इस काव्य के अधिक-से-अधिक जितने भी अर्थ हो सकें, उनके लिये मैं प्रयत्न करूं, और पं० भागमल्ल आदि कतिपय प्रेमी मित्रों के प्रोत्साहन से कुछ समय पीछे मैं इस कार्य में प्रवृत हुआ, गुरु जनों की कृपा और इष्ट मित्रों की सद्भावनाओं से "जैन धर्म से तथा महात्मा श्री आत्माराम जी से संम्बन्ध रखने वाले" ७२ अर्थ संपादन करने में मैं सफल हुआ हूं। जहाँ कहीं व्याकरणादि की अशुद्धियाँ रही हों, सज्जन जन इसके अर्थांश रूपी सार पर ही ध्यान देकर अपनाने की कृपा करेंगे।

गच्छतः स्खलंन क्वापि भवत्येवप्रमादतः।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः॥

५२ वें अर्थ से लेकर ७२ वें अर्थ तक महाराज श्री आत्मारामजी की संक्षिप्त जीवनी इसी श्लोक से निकाली है।

मैं सहर्ष यह भी निवेदन करना चाहता हूँ कि उक्त महामुनिराज श्री आत्माराम जी के पट्टधर विद्यमान आचार्य श्री विजयवल्लभ सूरिजी की तथा जैनधर्म की प्रशंसा में मैंने एक हारबन्ध काव्य तैयार कर श्री जी को भेंट कर दिया है, इसके भी ५० से अधिक अर्थ हैं, वह किसी समय प्रकट किये जायेंगे।

विदुषा मनुचरो मूर्खमन्यः श्रीमत् पण्डित मुरारिलालात्मजो
भिषगाचार्य बैजनाथ शर्मा शास्त्री वैद्य विहटा ग्रामवा-
स्तव्य वर्तमानकालिक अम्बाला शहर निवासी॥

१ १२

योगाभोगानुगामी
द्विजभजनजनिः
शारदारक्तिरक्तो ।
दिग्जेताजेतृजेता
मतिनुतिगतिभिः
पूजितोजिष्णुजिह्वैः
जीयाद्दायादयात्री
खलबलदलनो
लोललीलस्खलज्जः ।
केदारौदास्यदारी
विमलमधुमदो
द्दामधामप्रमत्तः ॥ १ ॥

नमः श्री परमात्मने

जैनं जयति शासनम् ॥

श्री आत्मानन्दद्वासप्ततिः ॥

तत्रादौ मंगलाचरणम् ॥

राधेशो राधिकाधीशं वैजनाथो मुदा स्मरन् ।
योगाभोगेति काव्यस्य, व्याख्यां वितनुतेऽमलाम् ॥

अथेदानीमारभ्यते "योगाभोग" इत्यादिमालाबन्ध-काव्यस्य व्याख्यानसन्दर्भेऽखर्वोद्योगप्रयोगः ।

काव्यस्वरूपम्—यथा

योगाभोगानुगामी द्विजभजनजनिः शारदारक्तिरक्तो ।
दिग्जेताजेतृजेतामतिनुतिगतिभिः पूजितो जिष्णुजिह्वैः
जीयाद्दायादयात्री खलबलदलनो लोललीलस्वलज्जः ।
केदारौदास्यदारी विमलमधुमदोद्दामधामप्रमत्तः ॥१॥

अस्यार्थं साधारणोऽर्थः

"योगाभोगानुगामी" इत्यादिविभिन्नविशेषणात्मकानि प्रथमान्तपदानि कर्तृविशेषणत्वेन कर्तृत्वेन वा "जीयात्" इति क्रियापदेन सम्बध्यान्वयो विधेयः ॥

तथाहि—"योगाभोगानुगामी जीयात्" योगो ध्यानात्मकः प्रधानो धर्मः स चात्मनो मोक्षेण सह संयोजनात् "योगः" इत्युच्यते प्राधान्यञ्चास्य तत्त्वदर्शिभिर्महात्मभिः सूपपादितमेव । तद्यथा—

"योगः कल्पतरुश्रेष्ठो योगश्चिन्तामणिः परः ।
योगःप्रधानं धर्माणां योगः सिद्धेः स्वयंग्रहः ॥" इति

तस्यापि योगशब्दस्य निरुक्तिरेवं विहिता योगशास्त्रविशारदैः सुमतिभिः—

"योजनाद्योग इत्युक्तो मोक्षेण मुनिसत्तमैः ।
सनिवृत्ताधिकारायां प्रकृतौ लेशतो ध्रुवः ॥" इति

स चापि योगः पञ्चाङ्गत्वेन निरूपितो दृश्यते । तद्यथा—

"अध्यात्मभावना ध्यानं समतावृत्तिसंक्षयः ।
योगः पञ्चविधः प्रोक्तो योगमार्गविशारदैः॥" इति

तस्य योगस्य—आभोगः परिपूर्णत्वं त्रुटिराहित्यमितियावत् "आभोगःपरिपूर्णता" इत्यमरः इतियोगाभोगस्तस्मै— योगाभोगाय अनुक्रमेण गच्छति-उत्तरोत्तरं याति इत्येवं शीलं यस्याऽसौ योगाभोगानुगामी गुरूपदिष्टमार्गेण क्रमा-द्योगपूर्त्यै-उद्युञ्जान इति भावः। क्रमश्चापि तत्रैवं दर्शितो योगविद्भिर्महर्षिभिः—

"पूर्वसेवा तु योगस्य गुरुदेवादिपूजनम् ॥
सदाचारस्तपोमुक्त्यद्वेषश्चेति प्रकीर्तिता: ॥१॥
आगमेनानुमानेन ध्यानाभ्यासरसेन च ॥
त्रिधा प्रकल्पयन्प्रज्ञां लभते योगमुत्तमम् ॥२॥" इत्यादि

ननु किमर्थोऽयमुद्योगोऽस्य महात्मनो योगम्प्रति यतः "प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते" इत्याशङ्क्य प्रवृत्तेः फलमपीहैव प्रदर्श्यते यथाशास्त्रं। तद्यथा—

"इहापि लब्धयश्चित्राः परत्र च महोदयः ॥
परात्मायत्तता चैव योगकल्पतरोःफलम् ॥ ३ ॥
अपि क्रूराणि कर्माणि साक्षाद्योगः क्षिणोति हि ॥
ज्वलनोज्वालयत्येव कुटिलानपि पादपान् ॥४॥
तथा च जन्मबीजाग्निर्जरसोऽपि जरापरः ॥
दुखानां राजयक्ष्मायं मृत्योर्मृत्युरुदाहृतः ॥५॥

कुण्ठीभवन्ति तीक्ष्णानि मन्मथास्त्राणि सर्वथा ॥
योगवर्मावृते चित्ते तपश्छिद्रकराण्यपि ॥ ६ ॥
अहर्निशमपि ध्यानं योग इत्यक्षरद्वयम् ॥
अप्रवेशाय पापानां ध्रुवं वज्रार्गलायते ॥७॥"

इत्यादि—अलमतिविस्तरेण ।

जीयात्—सर्वोत्कर्षेण वर्तताम्-योगमार्गेऽन्तरायभूतानि तपोविघातकराणि मन्मथास्त्रादीनि प्राक्तनजन्मकृतपापकर्मफलभोग्यानि च सम्भाव्यासम्भाव्यान्यपि पराभूय सिद्धेषु साधकेष्वपि वाऽत्युत्कृष्टतमं स्थानं लभेतेत्यभिसन्धिः कथंभूतोऽसौ-द्विजभजनजनिः—द्वाभ्यां जन्मसंस्काराभ्यां जायन्ते ते द्विजाः—ब्राह्मणक्षत्रियवैश्या इत्यर्थः, "द्विपूर्वकाज्जनी प्रादुर्भावे" इत्यतः "पञ्चम्यामजातौ" इति डः प्रत्ययः डित्वाट्टेर्लोपः "द्विजः स्याद्ब्राह्मणक्षत्रवैश्यदन्ताण्डजेषु ना" इति मेदिनी । तेषां द्विजानां भजनं भागः-'भजसेवायाम्' इत्यस्माद्धातोर्भावे ल्युट्, शूद्राऽतिरिक्तो भाग इति भावः, तत्र द्विजभजने जनिर्जन्म यस्य स द्विजभजनजनिः, "जनिरुत्पत्तिरुद्भवः" इत्यमरः, द्विजन्मनामेव तादृशोच्चकर्मसु प्रवृत्तेः सम्भवात् । योगाभोगानुगामिता स्वभावसिद्धा एवेत्युत्थिताऽऽकाङ्क्षया फलितोऽर्थः ।

पुनः कथम्भूतः—शारदारक्तिरक्तः शारदा—

सरस्वती वागधिष्ठात्रीदेवी—शरदृतौपूज्यत्वाच्छारदा आश्विनो मासः शरदृतावेव गण्यते तत्पूर्णिमाया एव शरत्पूर्णिमाऽभिधानात्-तस्मिन्नेव मासि नवरात्राऽवसरे दुर्गापूजा तन्त्रशास्त्रैः सुविशेषतया प्रत्यपादि दुर्गानाम भगवती, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती-इति त्रिनाम-रूपात्मिका त्रिगुणात्मिका शक्तिस्तेषु दिनेषु महारात्र्यादौ विभिन्नैरुपकरणैर्विभिन्नेन च विधानेन विभिन्नास्वेव तिथिषु पूज्यते । तत्पूजनाख्यानपरं वचनन्तु—

"मूलेनावाहयेद्देवीं श्रवणेन विसर्जयेत्" इति,

तथा च शब्दकल्पद्रुमे शारदाशब्दनिरुक्तिः—

"शरत्काले पुरा यस्मान्नवम्यां बोधिता सुरैः ।
शारदेति समाख्याता पीठे लोके च नामतः" ॥१॥

तस्यां रक्तिरनुरागः-प्रेम इतियावत्, 'रञ्ज रागे' इत्यस्माद् भावे क्तिन्, तया रक्तः परिप्लुतो भावित इति भावः । 'रञ्ज रागे' इत्यत एव कर्मणिक्तएतदेव वीजं पूर्वोक्तोपपत्तौ ।

पुनःकथंभूतो दिग्जेता...दिशां जयस्य कर्ता-तत्तद्दिशासु स्थिता ये विद्वांसस्तेषामूहापोहसम्पादयित्री मनीषा सम्पत्तीनां प्रमाणप्रमेयादिपदार्थषोडशकस्य तत्त्वज्ञानजेन स्वतर्कवितर्कप्रागल्भ्येन प्रधर्षयिता, न तु खड्गादि-व्यापारेण स्वप्रभुत्वस्थापयिंता हिंसापरित्यागस्यात्रैव

विशेषाश्रयत्वादिति लाक्षणिकोऽयमर्थोऽत्र बोध्यः "मञ्चाः क्रोशन्ति" इतिवत् ।

सरस्वत्याः प्रेमित्वाद्विद्याभ्यासव्यसनित्वमस्मिन्निर्विवादसिद्धमेव तद्भूयस्त्वाद्दिग्जेतृत्वमपप्यस्य परम्परापरिप्राप्तमेवेति न कस्यापि शङ्कापङ्कक्लेशावकाशः ॥

पुनः कथंभूतः-जेतृजेता, जयन्तीति जेतारः-जयति परान् पराभवति असौ जेता, द्वयोरपिशब्दयोरेक एव-'जि जये' धातुःउभयत्राऽपि 'ण्वुल्तृचौ'इत्यनेन तृच् । तेषां जेतृणां शत्रुपराजयकर्तृणामपि जेता पराभावयिता ।

पुनः कथंभूतः-सत्कृतोऽभ्यर्हणीयत्वात् सम्मानं गमितः-काभिः—मतिनुतिगतिभिः—मननं मतिः बुद्धिः "बुद्धिर्मनीषा धिषणा धीःप्रज्ञा शेमुषी मतिः" इत्यमरः—नवनं नुतिः स्तुतिः "स्तवः स्तोत्रं नुतिः स्तुतिः" इत्यमरः-गमनं गतिरभ्युपायः 'गतिर्ज्ञाने यात्रायामभ्युपाये' इति शब्दार्थचिंतामणिः ॥

तदित्थम्—मतिमनुगता नुतयो मतिनुतयः "अत्यादयः क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया" इत्यनेन समासः, शाकपार्थिवादीनामुत्तरपदलोप इत्यनुगतशब्दस्य लोपः, मतिनुतय एव गतयो मतिनुतिगतयस्ताभिर्मतिनुतिगतिभिः । अथवा द्वन्द्वेन मतिनुतीनां गतयो गमनानि—प्राप्तय-

इति यावत् (पहुँच इति भाषा) "गुजर "इत्यर्दू भाषा ।
यथा च महाकाव्ये रघुवंशे कालिदासः—

"अथवा कृतवाग्द्वारे वंशेऽस्मिन् पूर्वसूरिभिः ।
मणौ वज्रसमुत्कीर्णे सूत्रस्येवास्ति मे गतिः" ॥

ताभिःपूजितः । कैः (पूजितः) जिष्णुजिह्वैः जयन्ति इत्येवं शीलं यासां ता जिष्णवः "जि जय" इत्यस्माद्धातोः "ग्लाजिस्थश्च ग्स्नुः" इत्यनेन ग्स्नुः "लशक्वतद्धिते:" इति गकारस्येत्वम् गित्वाद्गुणाभावः "आदेशप्रत्यययोः" इति सस्य षत्वम् "ष्टुना ष्टुः" इति नस्य णः-जिष्णवो जिह्वा येषां तैर्जिष्णुजिह्वैः पूर्वस्मिन् विशेषणे ये जेतृत्वेनाभिहिताः त एव जिष्णुजिह्वास्तद्-व्यापारेणैव तेषां जेतृत्वसिद्धेः सद्भवात् तावत्कालपर्यन्तन्तु तेषामेव जेतृत्वप्रसिद्धित्वाच्च साम्प्रतञ्च तेऽविरुद्धशुद्धव्यवहारप्रचारसन्तुष्टाःतद्गुणगण-परिमुष्टास्तत्स्नेहगेहाभिरमणाचरणाः सन्तोऽस्य महात्मनः स्वाभाविकगुणैरेवावर्जितमात्मानं मन्यमानास्ताभिरेव जिष्णुजिह्वाभिः स्तोतुमारब्धवन्तो । यतः—

"गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः ॥

अन्यच्च—

"किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः ।
परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः ॥" इति

न च शंक्यं यदनेन ते विमानिता भवेयुरिति, तथाकरणे अहिंसाव्रतभङ्गप्रसङ्गात्, यतःपरमनोऽन्यथनमात्रमपि हिंसनमेव स्वीकुर्वन्ति जैनाचार्याः ।

पुनःकथंभूतो-दायादयात्री, दायं विभजनीयं धनं-सम्पत्तिमितियावत्—आददति स्वत्वेनाङ्गीकुर्वन्ति ते दायादाः—बान्धवाः—पुत्राश्चापि, "दायादौ सुतबान्धवौ" इत्यमरः, "दायादस्तु भवेत्पुंसि सपिण्डे तनयेऽपि च" इतिमेदिनी । दायपूर्वकात् "डुदाञ् दाने" इत्यत आङ्पूर्वकात् 'आतश्चोपसर्गे' इत्यनेन कः, "आतो लोप इटि च" इत्याकारलोपः । तेषां दायादानां यात्रा--अभिनिर्याणं--यत्रेत्यसौ दायादयात्री "अत इनिठनौ" इत्यनेन इनिः पूर्वजानान्त्वस्यैव महात्मनः सत्कर्मोत्कर्षेणोद्धारस्यावश्यंभावित्वात् सर्वथोच्चोच्चयोनिप्राप्तिक्रमेण मोक्षावधिगमनसिद्धया यात्रा स्थगिता भविष्यति, ऐहलौकिकयात्रा तु अस्मिन्नेव परिसमाप्ता, यथाहुर्वैयाकरणाःपुत्रशब्दव्युत्पत्तिं प्रयुञ्जानाः—पुनाति निखिलं कुलमसौ पुत्रः, पूयन्ते सर्वे वंश्या येनेत्यसौ वा पुत्रः । यथा च नीतिरपि—

"एकेनैव सुपुत्रेण सर्वो वंश उदीर्यते ।।
पुष्पितेन सुगन्धेन—तरुणा तद्वनं यथा ।।" इति

नैतच्छङ्कनीयम्परेषां कर्मणःफलमपरे न भोक्तुमर्हन्तीति

पितुः सम्पत्तौ पुत्राधिकारदर्शनात्, पुत्राद्यर्जितद्रव्यनिचयेऽपि पित्राद्यधिकारसम्भवाच्च। तथा श्रुतिः—'पुत्रेण लोकं तरति' इति भाष्यकारःपतञ्जलिरपि व्याकरणाऽऽध्ययनफलोपदेशे— 'यश्चैनमधीते यश्चैनमध्यापयति, मातापितरौ चास्य स्वर्गेलोके महीयेते' इति। महाकविःकालीदासोऽपि—'सन्ततिः शुद्धवंश्या हि, परत्रेह च शर्म्मणे' इति।

पुनरपि यथा—

"पुन्नाम्नो नरकाद्यस्मात्पितरं त्रायते सुतः--तस्मात्पुत्र इति प्रोक्तः स्वयमेव स्वयम्भुवा" किम्पुनर्वक्तव्यं यदीदृशः सुतपाः सर्वतोगीतकीर्तिः सुपुत्रः स्यात्। अत ऊर्ध्वमपि महासत्त्वस्यास्य सुतरामूर्ध्वरेतस्त्वात् सन्ततेरनुत्पादनात् सदायादयात्रा (वंशपरम्परा) एतदवधिकैवेति न दुर्विभाव्योऽयं विषयः कस्यापि चेतनावतः। अतः सुतरां घटते दायादयात्रीतिविशेषणमस्मिन्महाभागे।

पुनः कथंभूतः—खलबलदलनः, खलाः—दुर्जनाः, "पिशुने दुर्जनःखलः" इत्यमरः, तेषां खलानां बलम्—सामर्थ्यं सैन्यं वा—"स्थौल्यसामर्थ्यसैन्येषु बलं नाकाकसीरिणो" इत्यमरः। तत् खलबलं दलति—विदारयति—इति खलबलदलनः,"दल विशरणे"--इत्यतो भौवादिकात्

"नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः" इत्यनेन ल्युः प्रत्ययः, "युवोरनाकौ" इत्यनेन युस्थानेऽनादेशः, विशरणमंगानां विभागः। एषां दर्शनप्रभावेण प्रभाविता एव दुर्जना दौर्जन्य-सामर्थ्यहीना विभागशो वा खलत्वं हित्वा सौजन्यमापेदिरे, इति भावः। तथाचोक्तं—

"क्षमाखड्गः करे यस्य दुर्जनः किं करिष्यति।
निस्तृणे पतितो वह्निः स्वयमेव प्रशाम्यति"॥ इति

इहापि शान्तरसनिर्देशेनैव निर्वाहः।

पुनःकथंभूतो—लोललीलस्वलज्जः, लोलाः—चञ्चलाश्च—ता लीलाः प्रभवक्रियाः—इति लोललीलाः "लीलां विदुः केलिविलासखेलशृंगारभावप्रभवक्रियासु" इति विश्वः, ताभिर्लोललीलाभिः स्वस्मिन्नेव लज्जते—इति लोललीलस्वलज्जः, लज्ज व्रीडे—इत्यतः पचाद्यच्, आत्मनि-आत्मना-आत्मानमनुचिन्वन्— जन्ममरणादिक्रियाश्चञ्चला—अस्थायिरूपेण परिप्राप्ता अनुभवन्नपि स्वस्मिन्नात्मनि एव लज्जते सत्कर्माननुष्ठानेन पुनः प्रभवक्रियायामात्मन एव दोषसम्भवात्। अतएवास्मिन् जन्मन्यपुनर्भवायैव योगमार्गाऽनुधावनमिति भावः॥

पुनःकथंभूतः—केदारौदास्यदारी—केदारः—क्षेत्रम् "पुन्नपुंसकयोर्वप्रः केदारः क्षेत्रम्" इत्यमरः, स च कर्मणां

केदारः इदं शरीरमेव, 'इदं शरीरं कौन्तेयक्षेत्रमित्यभिधीयते इति श्रीमद्भागवद्गीतायाम् श्रीमुखत एवाभिधानात्, तस्मिन्केदारे यदौदास्यम् उदासीनता-वैराग्यम्मनोयोगाभाव इति यावत्, केदारौदास्यं सांसारिकभोगहेतुत्वादस्मिञ्छरीरे एव वन्धनकारणदृष्ट्यात्रानवधानम्-तस्य केदारौदास्यस्य दारो(आदरो) यस्यास्तीति असौ–केदारौदास्यदारी, दरणं-दारः–भावे घञ्, "दृङ् आदरे" इत्यस्य घञि रूपम्, "अत इनि" इत्यनेनेनिः, स्वशरीरसद्भाव एव पूर्वजन्मनि मोक्षस्यासाधकत्वाल्लज्जावहोऽतोऽस्मिन् जन्मनि तत्पालनपोषणयोरनवहितत्वमेवाद्रियत इति भावः ॥

पुनःकथंभूतो—विमलमधुमदोद्दामधामप्रमत्तः—विमलम्–निर्मलं-मलरहितम्, शरीरमलेन यद्वा स्वाभाविकसौम्यतया क्रोधादिजन्यैः पित्तादिविकारैश्चापि रहितं यन्मधु-मातुः क्षीरम् "मधु क्षौद्रे जले क्षीरे मद्ये पुष्परसे मधु, दैत्ये चैत्रे वसन्ते च" इति विश्वमेदिन्यौ । तद्विमलमधु तस्मिन्-विमलमधुनि यो मदः–वीर्यम्, "मदो रेतसि कस्तूर्य्यां गर्वे हर्षे भदानयोः" इति मेदिनी ॥ असौ विमलमधुमदः, यथा मातुःक्षीरेऽपि वीर्य्यं निगूढमेव तिष्ठति तथाऽनेनाऽपि सर्वथा निगूढमेव रक्षितं याथातथ्येनातस्तस्य विमलमधुमदस्य यदुद्दाम—उत्कटं—महद्, धाम—तेजस्तद्विमलमधुमदोद्दामधाम "धाम शक्तौ प्रभावे

च तेजोमन्दिरजन्मसु'' इति विश्वः। तेन विमलमधुमदोद्दामधाम्ना प्रमत्तः—प्रमुदितो, ''मदि स्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु''-इत्यस्मात्कर्त्तरि क्तः प्रहृष्टः सन्-जीयादित्यनेनान्वयः। इह खलु काव्यकृता कीदृक् सुशोभना सरणिराश्रिता, योगानुगामित्वे द्विजोद्भवत्वं वीजम्, तत एव विद्याऽनुरागस्ततश्च दिग्जेतृत्वं क्रमागतमेव तत्राऽपि जेतृजयोऽर्थादेवागतस्ततश्च जिष्णुजिह्वैः कृतं पूजनं स्वभावसिद्धमेव लोके सन्ततिप्रशंसाश्रवणाद्दायादानां निर्वृत्तिः खलबलदलनञ्च युगपदेव समपादिषाताम्, एतावत्पर्यन्तन्तु ऐहलौकिकं कर्म; अतः परञ्चाऽत्मन्यात्माऽन्वेषणाल्लोकलोललीलाया उद्वेगः-ततश्च शरीरं विगमय्याऽपि परलोकसाधनं तत्र च विचित्रधामप्राप्तिः, इत्युत्तरोत्तरसम्बद्धैः शृङ्खलासम्वलितैरिव पदार्थैरर्थसङ्गतावपि माला—इव हि व्यरचीति नान्तर्हितं किमपि शेमुषीजुषाम्, अथ च सामान्यार्थेनैव न किमपि परिशेषितं तेन विदुषा तथापि वुधजनवुद्धिवैदग्ध्यप्रदर्शनमनस्केन तेन प्रतिपादितम् (अस्य पद्यस्यैकपञ्चाशदर्थाः सम्भवन्ति इति) तद्वचनं सार्थयितुं यथाशक्ति यथामति च प्रयतिष्ये। तदर्थं विद्वज्जनानां कृपाकटाक्षस्यैवाऽपेक्षाऽस्तीति प्रार्थयतेऽम्वालयस्थो मूर्खम्मन्यो वैजनाथ शास्त्री। अत्र पद्ये स्रग्धरा वृत्तं, तल्लक्षणं यथा—

''म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्''

ओजो गुणः, "ओजश्चित्तस्य विस्ताररूपं दीप्तत्वमुच्यते, वीरवीभत्सरौद्रेषु क्रमेणाधिक्यमस्य तु" इति तल्लक्षणात् अत्रापि वीरादयः शब्दा उपलक्षणानि तेन वीराभासादावप्यस्यावस्थितिरिति दर्पणकृत् । अत्र तु "दिग्जेता जेतृजेता" इत्यादि शब्दैर्वीरोरसः साक्षाज्जागरूकत्वेन दृष्टिपथमवतरति । ततश्चश्लेषःसमाधिरौदार्यं प्रसादश्चेतिगुणचतुष्टयमपि निर्विवादसिद्धमेवात्र लभ्यते-तस्योजस्येवान्तर्भावात् । उक्तञ्चैतत्—

"श्लेषःसमाधि रौदार्यं प्रसाद इति ये पुनः ।
गुणाश्चिरन्तनैरुक्ता ओजस्यन्तर्भवन्ति ते ॥"

चित्रश्लेषावलङ्कारौ, शब्दालङ्कारेषु चित्रोऽलङ्कारः, श्लोकाक्षराणां मालाऽकृतेर्हेतुत्वात् । तल्लक्षणं यथा—

"तच्चित्रं यत्र वर्णानां खड्गाद्याकृतिहेतुता" इति काव्यप्रकाशोऽर्थालङ्कारेषु च श्लेषोऽलंकारः सुस्पष्ट एव साहित्यदर्पणे—

"श्लिष्टपदैरनेकार्थाऽभिधाने श्लेष इष्यते ।
वर्णप्रत्ययलिंगानां प्रत्यययोः पदयोरपि ॥
श्लेषाद्विभक्तिवचनभाषाणामष्टधा च सः" इति

तल्लक्षणात् । अलंकारद्वयमपि चेतश्चमत्कारावहं प्रशस्त-

तरत्वात् । गौडी रीतिः, "समासवहुला गौडी" इति तल्लक्षणात् । काव्यकर्त्तुरस्य विदुषो महती कवित्वशक्तिः सुतरां श्लाघनीया, व्युत्पत्तिः प्रतिभा चापि महताऽऽयासेनैव सम्पादिता भवेदिति नास्त्यत्र सन्देहावसरः कश्चित्-क्वचित् कस्यचिदपि । सम्प्रति किलाभ्यर्थने यदर्थान्तर-विधानात्प्राग्युक्ततरं प्रतिभाति, यत्सर्वत्र व्याकरणे तत्तच्छब्देषु क्वचिदपि शब्दाङ्गप्रत्यंगेषु परिवर्तनदर्शनेनैव रूपान्तर-मिदमस्य शब्दस्येति वैकल्पिकरूपप्रक्रिया सर्वसम्मतत्वेन लोचनगोचरतामभ्युपैति, ततएव "संस्कर्ता" इत्यस्याष्टोत्तरशतपरिमितानि रूपाणि, गवाक्शब्दस्य पञ्चशतोत्त-रसप्तविंशति रूपाणीत्यादि वक्तुं परिवृढा दीक्षिताद-योऽभूवन्, न खलु शब्दानां सर्वाङ्गपरिवर्त्तनेन, अन्येष्वपि सर्वेषु शास्त्रेषु क्वचिदप्येकाङ्गे परिवर्तनविधानेनैव विकल्प-प्रवृत्ताय उररीक्रियन्ते । लोकेऽपि जटिलोऽसौ देवदत्तोऽधुना मुण्डी काषायो वा सम्वृत्त इत्यादिव्यवहारः सर्वत्र सरीसर्ति । प्रकृतेऽन्येवमेव कस्यचनापि विशेषणपदस्य पूर्वोक्तादर्थान्तरविधानेनैवापर एवायमर्थसंदर्भ इत्यवधार्य कतिपया अर्था यथामति यथाशक्ति चात्र प्रदर्शयिष्यन्ते ।

भावार्थ—साङ्गोपाङ्गयोग विद्या के अनुकूल आचरण वाले, द्विजों के भाग में जन्म धारण किये हुए, और विद्या के प्रेम में रंगे हुए, दिशाओं के जीतने वाले, तथा जीतने वालों को भी

जीतने वाले, और सब पर विजय पाने वाली जिह्वाओं वाले विद्वानों से अपनी बुद्धि के अनुसार की हुई स्तुति की धारा से पूजे हुए, अपने वंश की अपने पर ही समाप्ति करने वाले, दुर्जनों के बल को कुचलने वाले, और विलक्षण लीला (चरित्र) वाले, और अपनी लज्जा को अपने हाथ में रखने वाले, कार्य सिद्धि के लिए अपने शरीर की भी परवाह न करने वाले, जन्म से लेकर मरण पर्यन्त वीर्य रक्षा के कारण उत्पन्न हुए तीव्र तेज से ही मस्त रहने वाले, श्री विजयानन्द सूरि सर्वत्र और सदा विजयी होवें ॥१॥

अथ द्वितीयोऽर्थः

द्विजभजनजनिर्योगाभोगानुगामी जीयात्—द्विर्जायन्ते ते द्विजाः । तथा च स्मृतिः—

"जन्मना ब्राह्मणो ज्ञेयः सँस्काराद्विज उच्यते" योगी याज्ञवल्क्योऽपि—

"मातुर्यदग्रे जायन्ते द्वितीयं मौञ्जिबन्धनात् ।
ब्राह्मणक्षत्रियविशस्तस्मादेते द्विजाः स्मृताः" इति ॥

तेषां द्विजानां भजनाय सेवनायैव जनिः-जन्म यस्य स द्विजभजनजनिः, बाल्ये तु विद्याभ्यासार्थम् ब्राह्मणानां सेवा कृता, पालनपोषणार्थञ्च क्षत्रियवैश्यानां, प्राप्तवि-

द्यादिसम्पत्तिकेन च सत्कर्मोपदेशेन एव सन्मार्गे गमिताः, तस्मात्सर्वं जीवनं द्विजसेवन एव व्यत्यायितमिति भावः। जनिः शब्दोऽत्र जीवनपरः प्रादुर्भावस्य तत्रापि सत्वात्। "भज सेवायाम्" इति भावे ल्युट् अतएव योगाभोगानुगामी, योगः—संगतिर्मेल इति यावत, सापि द्विजैः सह एव क्वचित् स्वयं गत्वा गुर्वादिभिः सह संगतिकरणम् क्वचिच्च समीपसमागतजिज्ञासुश्रावकसमूहेन सह संगतिः—नगरान्नगरं प्रति गमनेन तु स्वेच्छाकर्तृको योग उपदेशश्रवणार्थं समागतभव्यजनैः सह परेच्छाकर्तृको योगः—"युजिर् योगे" इत्यस्माद्धातोर्भावे घञ् "चजोः कुघिण्ण्यतोः" इति जकारस्य गकारः "पुगन्तलघूपधस्य च" इत्यनेनोपधाया उकारस्य गुणः तस्य योगस्याऽऽसमन्ताद्भोगः परिपालनम् तमनुश्रित्य गच्छति—जीवनयात्रां निर्वहति इत्येवंशीलं यस्य सः—योगाभोगानुगामी आङ्पूर्वकात् "भुज पालनाभ्यवहारयोः" इति पालनार्थकभुजधातोर्भावे घञ् अनुपूर्वकाद् "गम्लृगतौ" इत्यतस्ताच्छील्ये णिनिः, "अत उपधायाः" इत्युपधाया वृद्धिः, अयं भावः—यत्कलिधर्मान् सम्यक् परिशोध्य युगधर्मनुश्रित्य "सङ्घे शक्तिः कलौ युगे" इति शास्त्रोक्तवचनमनुशीलयन् द्विजेषु पारस्परिकविरोधागतमनोमालिन्यादिदोषान् समीक्षमाणः, तस्मात्सङ्घशक्तेरुपदेशेनैव द्विजो-

द्धरणरूपां सेवां विधातुं धृतजन्मा यं महात्मा पूर्वंस्वयमेव संगतिरूपं योगमनुसृतः। जीयात्—संगतिविघटकविघ्न-सन्दोहरूपं शत्रुं निराकृत्य, स्वकर्मणि साफल्यं लभेत इति भावः। तथाकर्तुं विद्वानेव पारयति इत्याकाङ्क्षा-यामाह--कथंभूतःसः–शारदारक्तिरक्तः—विद्यानुरागवान्। पुनः कथंभूतो—दिग्जेता—दिग्विजयी, पुनः कथंभूतो—जेतृजेता—सर्वोत्कृष्टो जेता, पुन कथंभूतो—जिष्णुजिह्वै-र्मतिनुतिगतिभिः पूजितो--मतिमद्भिर्यथाशक्ति समर्चितः। पुनः कथंभूतो—दायादयात्री—स्वसपिण्डानां चरमा गतिः, पुनः कथंभूतः—खलबलदलनः–स्वयोगबल (स्व संगृहीतशिष्यकोटिबल) दर्शनमात्रेणैवोत्सारितखलसमुदायः। पुनः कथंभूतो—लोललीलस्वलज्जः, सांसारिकचञ्चलविला-सेभ्यः स्वयं लज्जमानः। पुनः कथंभूतः—केदारौदास्यदारी, शरीरपरिचर्यायामनवधानवान्। पुनः कथंभूतो—विमलमधु-मदोद्दामधामप्रमत्तः—मातुः क्षीरोद्भूतवीर्य्येणैव प्रकृष्टतेज-स्वितां प्राप्त इत्यर्थः, पूर्वव्याख्यातत्वात्संक्षिप्तार्थोऽत्र दर्शितः॥

भावार्थ—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य इन तीनों ऊंची जातियों की विद्या के पठन पाठन तथा धर्मोपदेश द्वारा उच्च लोकादि गति की सिद्धि से सेवा करने के लिए ही जन्म धारण किये हुए, और परस्पर संगठन आचार में ही जीवन बिताने वाले, विद्या के प्रेमी,

जगत्-विजय करने वालों से भी पूजे हुए, जीतने वालों को भी जीतने वाले, तथा दिगन्त पर्यन्त जीतने वाले, अपने पूर्वजों (वंशपरम्परा वालों) को भी प्रसिद्ध करने वाले, दुर्जनों के समुदाय को भी दमन करने वाले, चंचल लीलाओं*से अपने आप में ही लज्जित रहने वाले, शारीरिक उदासीनता की चिंता से रहित, ब्रह्मचर्य के तेज से सदा प्रसन्न रहने वाले, श्री विजयानन्द सूरि सर्वत्र विजय प्राप्त करें ॥ २ ॥

अथ तृतीयोऽर्थः

शारदारक्तिरक्तो योगाभोगानुगामी जीयात्—

शारदा सरस्वती, "शारदा स्त्री सरस्वती" इति त्रिकाण्ड-शेषः, सा शारदा देवताऽस्येति शारदम् "साऽस्यदेवता" इत्यण्, शास्त्रं,तस्मिन्नरक्तिः, न रक्तिर्यस्मात्परा सा अर-क्तिरनुत्तमवत्समासः, [अरिष्टमितिवद्वा समासः] परार-

---

* संसार की चंचल लीलाएँ अर्थात् जन्म मरण आदि क्रियाएँ कर्म-बन्धन में बन्धने से ही होती हैं और जन्म पाकर सन्यासादि सन्मार्ग में लगना भी शुभ कर्मों का फल है। वे अपने चित्त में इसलिये लज्जित होते थे कि हमारे शुभ कर्मों में कोई कमी रह गई जिसके लिये हमें दोबारा फिर जन्म धारण करना पड़ा, यदि वह कमी पूर्व जन्म में ही न रहने पाती तो फिर जन्म क्यों लेना पड़ता सीधे मोक्ष में ही चले जाते। अस्तु ! जो हुवा सो तो हुवा अब इस जन्म में कोई त्रुटि न रहे। यतः यह प्राकृत नियम है कि किसी कार्य में असफल मनुष्य लज्जित होकर यदि किसी कार्य को फिर करता है, तो सावधानी से करता है फिर उसमें वह सफल भी हो जाता है।

क्तिरित्यर्थस्तस्मिन् शारदेऽरक्तिः—शारदारक्तिः, तया शारदारक्त्या रक्तो—रञ्जितः शारदारक्तिरक्तः, शास्त्रान्तर्गतगाढप्रेम्णा तन्मयतां नीत इति भावः ।

योगाभोगानुगामी—योगो योगशास्त्रं दर्शनषट्कस्यैकाङ्गभूतम्, तस्याऽऽभोगः परिपूर्तिर्योगाभोगस्तस्मै योगाभोगाय, अनु—समीपं गच्छन्ति ते योगाभोगानुगाः, तेषां योगाभोगानुगानाममो गतिराश्रय इति भावः, असौ योगाभोगानुगामः, "अम गतौ" इत्यस्माद्भावे घञ्; मित्वान्नोपधावृद्धिः । सोऽस्यास्तीति योगाभोगानुगामी, "अत इनि" इत्यनेनेनिः ॥

योगशास्त्रपिपठिषावतां हृद्गतसन्देहनिरसनपूर्वकं तत्परिपूर्णतां सम्पादयितुं तेषामाश्रयदातेत्यर्थः । अनेन योगशास्त्रपारङ्गमत्त्वमस्मिन् व्यञ्जयति कविरतएव द्विजभजनजनिः—द्विजसेवनपरः (द्विजातिरिक्तस्य योगशास्त्रानवगमात्तदुत्कण्ठैव न सञ्जायते)। द्विजास्तं गुरुत्वेन सेवन्त इत्यतो द्विजानां भजनाय जनिरस्याऽभूत् ॥

स च द्विजेषु शिष्यव्यवहारेण तान् सेवत इति तदर्थजन्मा, यद्वा जलस्थलयोर्नौशकटव्यवहारेण परस्परं सेवनाय जन्मधृक् । योगशास्त्रेऽनन्यसादृश्याद् दिग्जेता, तत एव जेतृजेता—इत्यादीनि विशेषणानि सङ्गच्छन्ते,एवंभूतैर्विशेष-

णैर्जुष्टो योगशास्त्रवेद्यविशेषविज्ञानविद्यातर्कविघ्नान् जीयात् तिरस्कुर्यादिति भावः । शेषम्पूर्ववत् ॥

भावार्थ—शास्त्रों में अनुपम प्रेम के कारण दिन रात स्वयं ही शास्त्र रूप बने हुए होने से योगशास्त्र के पार तक पहुँचे हुए, अतः एव योगशास्त्र के मर्म समझने के लिये आये हुए द्विजों के सन्देह दूर करने से ही द्विज सेवा के लिए ही जन्म धारण किये हुए, दिशाओं में जय प्राप्त करने वाले, जीतने वालों को भी जीतने वाले, और विजयशाली वाणी वालों से भी अपनी मति स्तुति गति के अनुसार पूजे हुए, अपने कुटुम्ब वालों की यात्रा के आधार, दुर्जनों की दुर्जनता को दूर करने वाले, सांसारिक चंचल व्यवहारों में सबसे अधिक लज्जा धारण करने वाले, संसार की चिंता को उखाड़ने वाले, निर्मल ब्रह्मचर्य के तेज से उत्कट तेजस्वियों को भी तेजहीन करने वाले, श्री विजयानन्द सूरि जी विजययुक्त होवें ॥ ३ ॥

अथ चतुर्थोऽर्थः

दिग्जेता—जीयात्—

जा—मत्सरा धूर्ता इत्यर्थः । "जः पुमान् विजये मेरौ विस्तरे मत्सरे जने" इत्यभिधानराजेन्द्रे–एकाक्षर-कोषः, तेषां जानाम् इः—निराकरणम्प्रधर्षणमिति यावत् "इर्भेदे सरोषोक्तौ निराकरणेऽनुकम्पने" इत्यभिधान-

राजेन्द्रः, इत्येवं जेर्धूर्तदमनमित्यर्थः। तच्च शान्तरसेनैव, "अतिशीतलमप्यम्भः किम्भिनत्ति न भूभृतः" इति न्यायेन सूपदेशैः स्वदर्शनप्रभावेणैव वा तद्हृदयेषु पश्चात्तापऽनुवृत्त्या धिक्करणमिति भावः।

भस्यार्थस्तु भानि नक्षत्राणि, द्वितीयस्य भगः, भग एव भाग इत्यर्थः, "भः—भगे, गगने, पुण्ड्रचन्द्रयोः" इत्यभिधानराजेन्द्रोक्तत्वात्। भगस्तु घञर्थे कविधानेनैव बोध्यः। तत्र भानां भागेन योऽङ्को लभ्यते, स एव ग्राह्यः। अथ केन भागः प्रदीयत इत्याशङ्कायामुत्तरम् "सहचरितासहचरितयोर्मध्ये सहचरितस्यैव ग्रहणम्" इति न्यायेन सहचरितस्य द्विज शब्दांकस्यैव ग्रहणम् भवति। एवमेवैकस्य जकारस्यार्थश्चवर्गीयस्तृतीयो वर्णः, अपरस्य च विस्तारः, "जः—मृत्युञ्जये, पितरि, विस्तरे" इत्यभिधानराजेन्द्रप्रतिपादनात्। विस्तरश्च संयोजनादेव भवति, तयोरेकत्वसप्तत्वविशिष्टयोः संयोगादष्टाङ्कलाभः। तथैवैकस्य नकारस्यार्थो गणेशः, अपरस्य च नकारस्य नर इत्यर्थः। जनिरित्यनेन समासादष्टादशोत्तरत्रिणवतिपरिमिते वत्सरे नरस्य जनिरभूदित्यर्थः। यद्वा द्वितीयस्य नकारस्यापि गणेश एवार्थः। तत्र च १८९३ तमेऽब्दे नाद् गणेशाद् जनिर्यस्येत्यर्थो बोध्यः। गणेशश्चास्य पितुर्नामेति ध्वनितम्, "नः पुंसि वह्नौ, हेरम्बे" इत्येकाक्षरकोषः। हेरम्बो गणेशः "अप्येकदन्तहेरम्बलम्बोदरगजाननाः" इत्यमरसिंहाभिधानात्। एवम्भूतः सर्वविशेषणैर्विशिष्टो जीयादित्यर्थः। एतत्तु गुर्जरसम्वत्सराभिप्रायेण ज्ञेयम्। वैक्रमीयसम्वत्सरस्तु १८९४ आसीत्, तत्साधनप्रकारस्तु

निम्नलेखानुसारम् । द्वे: द्विसंख्यासूचकाङ्कस्य जः विस्तारः, गुणनं कार्यमिति केनेत्याकांक्षायां तेनैव द्वित्वेनेति बोध्यम्, अन्यस्य कस्याप्यनुपस्थितत्वात् । तेन च द्वित्वे, द्वित्वेन गुणिते चत्वारो भवन्ति । अतश्चतुष्टयत्वम् लब्धम् । भानि सप्तविंशतिः, द्विजशब्दलब्धाङ्केन चतुःसङ्ख्यात्मकेन विभागे कृते लब्धाङ्काः षट्, शिष्टाङ्कास्त्रयो, द्वयोर्योगेन पुनरपि नवाङ्कलाभः । अवशिष्टं पूर्ववत्, १८९४ परिमितसंख्याङ्कसमुत्पत्तिरिति बोध्यम् ॥

भावार्थ—बावनवें अर्थ में इन महात्मा का जन्म का संवत् बताया जाता है, उसको सिद्ध करने वाला "द्विजभजनजनिः" पद है, इसका विशेष आनन्द तो वही सज्जन उठा सकते हैं, जो संस्कृत पढ़े हुये हैं और संस्कृत समझते हैं; परन्तु भाषा में भी दिग्दर्शन कराया जाता है । गणित शास्त्र में अङ्क (हिन्दसे) उर्दू की तरह दाईं तरफ से बाईं तरफ को लिखे जाते हैं, इसी तरह यहां भी जानना चाहिये, द्विज तीन होते हैं । "भ" (नक्षत्र) २७ "ज" संख्या में १७ वाँ होता है, "न" गणेश का नाम है वह एक ही है । अब यहाँ पहिले अङ्क तीन को २७ पर विभक्त (तकसीम) करने से ९ लब्ध (हासिल) होते हैं, और १७ को आपस में जोड़ने से (१ + ७) आठ बन जाते हैं, "गणेश" स्वतः एक है, और "जनि" का अर्थ उत्पन्न होना । अब दाईं तरफ से बाईं तरफ को लिखने में तीन, नौ, आठ और एक के

१८६३ बन जाते हैं, जिससे १८६३ सम्वत् में इन महात्मा जी का जन्म होना सिद्ध हुआ, परन्तु यह सम्वत् कार्तिक से प्रारम्भ होने वाला गुजराती सम्वत् है। विक्रमी सम्वत् तो १८६४ था, यह अर्थ हमने संस्कृत के नियमानुसार भ–ज–न तीनों अक्षरों के दो-दो रूप मानकर किया है। जैसे एक "भ" का अर्थ २७ अङ्क, दूसरे "भ" का अर्थ भाग देना, एक "ज" का अर्थ १७ अङ्क और एक "ज" का अर्थ जोड़ना, एक "न" का अर्थ एक अङ्क और एक न का अर्थ गणेश। इससे हमारे महाराज के पिता का नाम भी निकलता है, दो-दो में से एक-एक रखने का और पूर्वोक्त अर्थ निकालने का प्रमाण संस्कृत में दिया है। इसी तरह आगे भी हिन्दी के अर्थ में कोई संशय हो, तो संस्कृत में देख लेना। अब विक्रमी ६४ वें अर्थ निकालने की रीति बताते हैं, इसमें सिर्फ "द्विज" शब्द के "द्वि" का अर्थ दो और "ज" का अर्थ गुणा (जरब) देना है, अर्थात् दो को दो से ज़रब देना। अब ज़रब किस के साथ दें, ऐसी शङ्का उत्पन्न होने पर कुछ और शब्द पास न होने से दो को दो से ही ज़रब देने से ४ आजायगा, बाकी नौ, आठ, एक बनाने की रीति हमने पहिले बता दी है, इससे १८६४ भी निकल आया, अर्थात् सम्वत् १८६४ में गणेशदत्त नामक पिता से इनकी उत्पत्ति हुई, इस प्रकार उत्पन्न होने वाले श्री विजयानन्द जी विजयी होवें, शेष विशेषण पूर्ववत् ॥५२॥

अथ त्रिपञ्चाशत्तमोऽर्थः

तस्मिन् सम्वत्सरे कदा जात इति प्रश्नस्योत्तरम्—

विमलमधुमदोद्दामधामप्रमत्तो जीयात्—

वयः पक्षिणो "विविष्किरपतत्रयः" इत्यमरः। वीनां पक्षिणां मधुकराणां (मधुमक्षिकाणाम्) मलं वान्तिरूपं माक्षिकम् यत्र लभ्यते स कालो विमलो वसन्त इत्यर्थः, तस्मिन् विमले यो मधुः—चैत्रो मासः स विमलमधु। तत्र विमलमधौ मदायाम्—तिथौ, मस्य हर्षस्य दा दात्री प्रापयित्र्यसौ मदा, तस्यां मदायाम्, चैत्रमासे हर्षप्रदा तिथिः सर्वाभ्योऽपि पूर्वं नूतनवर्षस्य प्रारम्भकत्वात्, नवरात्रारम्भकत्वाच्चाप्याद्या चैत्रशुक्लप्रतिपदेव आयाति, ततश्च वसन्ततौ चैत्रे मासे प्रतिपदि—इत्यन्तं लब्धम्। तत्राऽपि—उत्—ऊर्ध्वम् "उत्प्राबल्यवियोगोर्ध्वकर्मलाभप्रकाशने" इत्यभिधानात, दामरूपेणेव नैरन्तर्येणेति भावः, धामानि (तेजांसि) नक्षत्राणीति यावद् यतः प्रवर्त्तन्ते तदुद्दामधाम, अश्विनीनक्षत्रमितिभावः। "गृहदेहत्विट्प्रभावा धामानि" इत्यमरः। तस्मिन् उद्दामधाम्नि (अश्विनी भे)। पुनश्च तन्त्राश्रयणेनावृत्यैकशेषस्य वाश्रयणात् "उद्दाम वरुणे देवे" इतिशब्दार्थचिंतामणिः। तस्योद्दाम्नो वरुणस्य धाम्नः स्वाम्यस्य वरुणस्वामिकस्य

नक्षत्रस्य शतभिषाऽभिधानस्य, प्रः कोऽर्थः सम्भवा, मत्—कांतिः प्रकाश इति यावत्, यस्मिन् राशौ लग्ने इति यावत्, कुम्भलग्ने इति भावः, शतभिषानक्षत्रस्य राशिः कुम्भ एव। तः प्राप्त इत्यर्थः। "धाम प्रभावे प्रभुत्वे स्वाम्ये" इति शब्दार्थचिंतामणिः।

"प्रादिकर्मणि दीर्घेश भृशसम्भवतृप्तिषु।
वियोगशुद्धिशक्तीच्छा शान्तिपूजाग्रदर्शने॥"

इत्यभिधानात् प्रशब्दस्य सम्भवार्थे प्रवृत्तिः, मदिति "मदी स्तुतिमोदमदस्वप्नगतिकान्तिषु" इत्यतः क्विप्, त इति "तु गतिवृद्धिहिंसार्थेषु" इत्यादादिकसौत्रधातो-रन्येष्वपिदृश्यत इत्यनेन उद्दामधामप्रमदितिसमुदित-पूर्वकाड्ः, डित्वाट्टेर्लोपः। चैत्रशुक्लपक्षे प्रतिपदि अश्विनीनक्षत्रे मेषस्थे चन्द्रमसि शतभिषाराशिके कुम्भ-लग्ने प्राप्त इत्यर्थः। अश्विनीनक्षत्रजातत्वाच्चन्द्रमसो मेषराशौ स्थितिस्त्वर्थापत्त्यैव लब्धा॥

भावार्थ—यहां प्रश्न होता है कि किस मास, पक्ष, तिथि नक्षत्रादि में इस पूर्वोक्त संवत्सर में उत्पन्न हुये, सो इसका उत्तर "विमलमधुमदोद्दामधामप्रमत्त" पद से मिलता है। 'वि' का अर्थ पक्षी (शहद की मक्खियां), वह मलरूप मधु को अधिकतया बनाती हैं, अर्थात् वसन्त ऋतु में खुशी करने वाली अर्थात् नये

वर्ष के प्रारम्भ होने से हर्ष उत्पन्न करने वाली तिथि चैत्र शुदि प्रतिपदा हुई, उसमें भी उद्दाम अर्थात् अनुक्रम से नक्षत्र प्रारम्भ होते हैं, जिससे ऐसा अश्विनी नक्षत्र आया, और अश्विनी नक्षत्र में मेष का चन्द्रमा स्वभाव से होता है, इस वास्ते मेष का चन्द्रमा सिद्ध हुआ । 'उद्दाम' का अर्थ 'वरुण' भी है, उसका धाम नक्षत्र शतभिषा होता है, और शतभिषा की राशि कुम्भ होती है, अतएव कुम्भ लग्न सिद्ध हुआ । इससे यह उत्तर मिला कि चैत्र शुदि प्रतिपदा अश्विनी नक्षत्र मेष के चन्द्रमा में कुम्भ लग्न में हमारे चरित्र नायक का शुभागमन हुआ । ऐसे महाराज श्री विजयानन्द जी सर्वदा विजयी होवें, शेष विशेषण पूर्ववत् ॥५३॥



अथ चतुःपञ्चाशत्तमोऽर्थः

अथ च पञ्चाङ्गस्यैकाङ्गभूतत्वाद्योगवर्णनमप्यावश्यकमित्याकाङ्क्षयामुच्यते—

योगाभोगानुगामी जीयात्—

योगा विष्कुम्भादयोऽष्टाविंशतिसंख्याकाः, तेषामाभोगः परिपूर्त्तिः समाप्तिर्यत्र स योगाभोगः, स च वैधृतिर्नामयोगः। तस्मिन्नप्यनुगेऽनुक्रमेण गते (भुक्ते) अन्त्यघटिकास्वतिभावः। "अ—इत्यक्षरमनुकम्पायाम्" इति शब्दार्थचिंतामणिः, "मःमाने समये, सूर्ये, चंद्रे" इत्यभिधानराजेन्द्रः। तत्र वैधृतियोगान्त्यघटिकासु अस्य—अनुकम्पायाः (दयायाः) मः समयो यस्यासौ योगाभोगाऽनुगामी, विष्कुम्भादियोगेषु सर्वपश्चिमे वैधृतियोगेऽपि समाप्तप्राये धृतजन्मायं जीयादित्यन्वयः। योगस्य वैधृतिनाम्न एवायम्प्रभावो यदीदृशो धैर्यधारी महात्माऽयमिति भावः। चैत्रशुक्लप्रतिपदि प्रायेण रेवत्यश्विन्योरेकतरं नक्षत्रमवश्यमेव भवति, एवमेव वैधृतिविष्कुम्भयोरेकतरो योगोऽपि प्रायेण भवति। तदा तु निश्चितरूपेणाश्विनीनक्षत्रं वैधृतिश्च योग आसीदितिकविमनश्चिंतितोऽर्थः॥

भावार्थ—जन्मकुण्डली के पञ्चाङ्ग में एक अङ्ग योग भी है, उसको 'योगाभोगानुगामी' यह पद प्रगट करता है। 'योग' का अर्थ विष्कुम्भादियोग, इन का आभोग (पूर्ति) भोगा जाने पर अर्थात् अन्त की घड़ियों में आगमन हुआ। विष्कुम्भादिक २८ योगों की पूर्ति वैधृति योग पर होती है, इस लिये सिद्ध हुआ कि वैधृति योग की अन्तिम घड़ियों में इनका जन्म हुआ। यह इसी योग का प्रभाव है कि उनका चरित्र सर्वाङ्ग पूर्ण धीरता वीरता से भरा हुआ नज़र आ रहा है। ऐसे श्री विजयानन्द जी महाराज पूर्वोक्त विशेषणों से युक्त सर्वदा विजयी होवें ॥ ५४ ॥

अथ पञ्चपञ्चाशत्तमोऽर्थः

अथ मातुःपितुश्चापि नाम्नीत एव ज्ञायते—

योगाभोगानुगामी जीयात्—

अत्र य—उ—ग—अ—भ इतिच्छेदः। यं रूपकं स्वार्थे कन्विधानेन रूपकमिति स्वरूपम्, तद्विरहे तु रूपमेव। "नपुंसकं यकारस्तु यशोरूपकयोर्भवेद्" इत्येकाक्षरकोषः, अभिधानराजेन्द्रश्चापि। उः—भूमिः, "उश्चंद्रभायाम्, गिरौ, भूमौ, विलोकने" इत्यभिधानराजेन्द्रः, "गः—गणेशः" इतिशब्दार्थचिन्तामणिः, अश्चन्द्रः "अःविष्णौ, शिवे, ब्रह्मणि, चन्द्रे, अग्नौ, भानावित्यादिषु" इत्येकाक्षरकोषोऽभिधानराजेन्द्रोऽपि,

भः पिता "भः पितृभ्रातृपितृव्येषु, भोऽतिभीते भ आकुले" इत्यप्येकाक्षरकोषः। तदित्थं यं रूपम् स्त्रीत्वविवक्षायां रूपा इति कल्प्यते, उः—भूमिः (जन्म इति शेषः), यद्वा भूमिशब्देनैव बीजवपनस्थानं मातैव लक्ष्यत इति। यश्च तद् उरिति योरिति निष्पन्नम्। गात्—गणेशात् अ (परत्र) अः—चन्द्र इति गाः, (गणेशचन्द्रः), गाश्चाऽसौ भ इति गाभः। तथा च यम् (रूपा) उः—भूमिः (जन्मभूमिः, मातेति यावत्) गाश्च भः पिता यस्य स योगाभः। ततश्च पुनरपि (गणेशचन्द्रः) तस्मात् गात्—गणेशचन्द्राद् अनु—आयामम् (दैर्घ्यम् महत्वमिति यावत्) गमनशील इत्यर्थः। "अनु—आयामे" इति शब्दार्थचिन्तामणिः, "आयामो दैर्घ्ये" इति शब्दकल्पद्रुमः। रूपानाम्न्यां मातरि गणेशचन्द्रात्पितुः पुत्रो गणेशचन्द्रात् (तदपेक्षयातीव) महत्वगामी वृद्धिं प्रति गमनकर्त्ताऽयं महात्मा जीयादित्यन्वयः तथा च विश्वकोषः।

"अनु हीने सहार्थे च पश्चात्सादृश्ययोरपि।
आयामे च समीपे च लक्षणादावनुक्रमे"॥

भावार्थ—"योगाभोगानुगामी" इस पद से अब इनके मातापिता का नाम प्रगट किया जाता है। इसके दो भाग किये गये हैं, एक 'योगाभः' दूसरा 'गानुगामी'। इनमें भी फिर य–उ–ग–अ, और भः ये अलग-अलग और ग–अनु–गामी ये अलग

अलग, 'य' का अर्थ रूपा 'उ' का अर्थ भूमि अर्थात् रूपादेवी इनकी जन्म-भूमि अर्थात् इनकी माता हुई और 'ग' का अर्थ गणेश, 'अ' का अर्थ चन्द्र और 'भ' का अर्थ पिता अर्थात् रूपादेवी नामक माता और गणेशचन्द्र नाम पिता से उत्पन्न हुये, परन्तु फिर ग–अ (गा) गणेशचन्द्र से अनु का अर्थ बहुत बड़ाई यानी तरक्की, गामी का अर्थ पाने वाले हुये। भावार्थ यह है कि रूपादेवी माता से और गणेशचन्द्र पिता से जन्म पाकर भी गणेशचन्द्र जी से अर्थात अपने पिता से बहुत बढ़कर उन्नति प्राप्त करने वाले हुये। धर्मशास्त्र ने ऐसा ही माना है कि पुत्र वही सुपुत्र है जो पिता से गुणों में बढ़कर हो। ऐसे सद्गुणों से युक्त श्री विजयानंद जी विजयी होवें। शेष विशेषण पूर्ववत् ॥५५॥

अथ षट्पञ्चाशत्तमोऽर्थः

क्षत्रियवंशे जात इति तु पूर्वं खलबलदलन इत्यस्यार्थ-प्रकाशावसरे प्रकटितमेव चत्वारिंशेऽर्थे। परं क्षत्रियेष्वपि कस्मिन् भेदे जात इति प्रतिपाद्यते—

द्विजभजनजनिर्जीयात्—

भम्—चन्द्रः "नपुंसके भं नक्षत्रे, गगने, पुण्ड्-चन्द्रयोः" इत्येकाक्षरकोषात, भस्य जना लोका इति भजनाः, द्विजेषु भजना इति द्विजभजनाः, तेषु द्विजभजनेषु जनि-

र्जन्म यस्याऽसौ द्विजभजनजनिः। भम्—चन्द्रः, आयुर्वेदे (वैद्यकशास्त्रे) चन्द्रशब्देन कर्पूरो गृह्यते, तथा च वैद्यकशब्दसिन्धौ कर्पूरः सोमसंज्ञक इति, "चन्द्रः कर्पूरकाम्पिल्लसुधांशुस्वर्णवारिषु" इति मेदिन्यपि। तथार्थकरणात् क्षत्रियेष्वपि कर्पूरलोकेषु जात इति सुस्पष्टार्थः सम्पद्यते। कर्पूरशब्दस्यैवापभ्रंशः कपूर इत्येकवचनप्रयोगादेक एव एवंभूतो जीयात्, एकल एव पुत्र इति न निगूढम् ॥

भावार्थ—हमारे चारित्रनायक क्षत्रिय वंश में उत्पन्न हुये यह भाव तो चालीसवें अर्थ में कथन कर चुके हैं। किन्तु क्षत्रियों में भी कौनसी जाति में जन्मे यह बात यहाँ 'द्विजभजनजनिः' पद द्वारा प्रगट की जाती है। 'भ' का अर्थ चन्द्रमा है, मेदिनी कोश के मत से जितने चन्द्रमा के नाम हैं, उतने वे सब कपूर के नाम हैं। जन का अर्थ मनुष्य लोग है, अर्थात् द्विजों में भी कपूर जाति क्षत्रिय लोगों में जन्म धारण किये हुये श्री विजयानन्द जी विजय प्राप्त करें। शेष विशेषण पूर्ववत् ॥५६॥

अथ सप्तपञ्चाशत्तमोऽर्थः

तत्पालनपोषणं केन कृतमिति प्रश्नोत्तरे तु—

शारदारक्तिरक्तः—

"शारन्दौर्बल्यम" इति शब्दकल्पद्रुमः, "निर्नाथवनिता

च दा" इत्येकाक्षरकोशः। तथा च शारे दौर्बल्ये सति (पत्युरभावादेव दौर्बल्यञ्जातम्), दायाः विधवायाः(मातुः) आरक्त्या (प्रेमसर्वस्वतया) रक्तः परिभावितः। इत्यनेन स्वल्पावस्थायामेव पत्युर्विरहेण दौर्बल्यस्य (निर्धनतायाः) प्राप्तिः, तत्र निर्नाथया मात्रैव पालित इत्यर्थो निष्पन्नः। ततश्चापि शारदारक्तिरक्तो विद्याधिष्ठात्रीदेव्या अनुरागेण रक्तः, मातुरुपदेशादेव विद्या पठितुमारब्धा इति भावः॥

भारतीया विशेषतया संस्कृतज्ञा एव सरस्वतीं विद्याधिदेवतां मन्यन्ते, अतः शारदाशब्दग्रहणाद्भारतीयाया एव [हिन्दीभाषायाः] अध्ययनमारब्धमिति फलितोऽर्थः। तादृशो जीयात्॥

भावार्थ—इन महात्मा का पालन-पोषण कैसे हुआ यह "शारदारक्तिरक्तः" पद प्रगट करता है। 'शार' का अर्थ दुर्बलता, 'दा' का अर्थ पतिरहित स्त्री, 'आरक्ति' का अर्थ गहरा प्रेम, रक्त का अर्थ रंगा हुआ। भावार्थ यह है कि पति के न रहने से दुर्बलता (निर्धनतायुक्त माता) अर्थात् पति से रहित विधवा माता के प्रेमरूपी सर्वस्व से रंगे हुये अर्थात् परिभावित हुये हुए माता के उपदेश से ही विद्या पढ़ने के लिये प्रवृत्त हुए श्री विजयानन्द सूरि विजय को प्राप्त करें। शेष विशेषण पूर्ववत्॥५७॥

अथाष्टपञ्चाशत्तमोऽर्थः

ततश्च दीक्षाकालो ध्वन्यते—

खलबलदलनः—

खम्—शून्यम् (०), ल इन्द्रः (१), स एव स्वर्गाधिपतिः, वः—वातः स चोनपञ्चाशत्संख्याको मरुताङ्गणः, तत्र पूर्वाङ्कद्वयेन भागे कृते ४९÷१० $\frac{४९}{१०}$—९ अवशिष्यन्ते, ततो नवाङ्कलब्धिः, अथवा वर्णगणनक्रमेण वकार ऊनचत्वरिंशो भवति, तत्रापि भागान्नवैव शिष्यन्ते, ततोऽपि नवाङ्कलब्धिरेव, ततश्च पुनर्लः—इन्द्रः, स चाप्येकः, "अङ्कानां वामतो गतिः" इत्याश्रयणात् १९१० इत्यायातम् । तत्र खलबले दलः—दं दीप्तिं प्रकाशं बोधं वा लाति—आददात्यसौ दलः, तथा चैकाक्षरकोषः—

"दो दाने पूजने क्षीणे दानशौण्डे च पालके ।
देवे दीप्तौ दुराधर्षे दोर्भुजे दीर्घदेशके ॥
दयायां दमने दीने दन्दशूकेऽपि दः स्मृतः ।
बद्धे च बन्धने बोधे बाले बीजे बलोदिते ॥"

दपूर्वकात् "ला आदाने" इत्यतः "आतोऽनुपसर्गे कः" इत्यनेन कप्रत्ययः, "आतो लोप इटि च" इत्याकारलोपेन दल इति सिद्धः । ततश्च खलबलपदेन सह

समासे कृते खलबलदल इति जातः । ततश्च खलबल-दलश्चासौ नः सनाथ इति खलबलदलनः, "नो नरे च सनाथे च" इत्येकाक्षरकोषः । इत्यतः १६१० ऊनविंशत्युत्तरदशकेऽब्दे बोधग्राही (दीक्षाग्राही) सनाथः (नाथेन गुरुणा सह) जात इति शेषः । एवम्भूतो जीयादित्यनेनान्वयः ॥

भावार्थ—अब इन महात्मा की दीक्षा के सम्वत् को "खल-बलनदलन" पद प्रगट करता है । 'ख' का अर्थ शून्य (०),'ल' का अथ इन्द्र स्वर्ग का राजा, वह एक ही है । इसलिये इसका अर्थ एक हुआ । 'व' का अर्थ वायु, वायु का गण ४६ है, इसमें दश का भाग देने से ६ बाकी बचते हैं । इससे शेष अङ्क ६ का लाभ हुआ अथवा मंगलाचरण रूप ओम् और ६ स्वर और पचीस वर्गियाक्षर और चार अन्तस्थ (य र ल व) वर्ण इस तरह जोड़ने से ३६ हुये । इसको भी दश का भाग देने से ६ बाकी बचते हैं । इस तरह भी शेष अङ्क का लाभ हुआ और फिर 'ल' का अर्थ वही इन्द्र एक (१) हुआ, तो इस क्रम से अंकों को दाईं तरफ से बाईं तरफ लिखने से १६१० बन गये । फिर 'द' का अर्थ प्रकाश अर्थात् बोध और 'ल' का अर्थ लेना है । भावार्थ यह हुआ कि १६१० में आपने बोध (दीक्षा) को ग्रहण किया । इस प्रकार दीक्षा को ग्रहण करने वाले श्री विजयानन्द सूरि विजय प्राप्त करें । शेष विशेषण पूर्ववत् ॥५८॥

अथैकोनषष्टितमोऽर्थः

सनाथतया किं कृतमित्याकाङ्क्षायामुत्तीर्यते—

शारदारक्तिरक्तो जीयात्—

शारदा वाग्देवी (सरस्वती) "माया नारायणी देवी शारदेत्यम्बिकेति च" इति तन्नामसु शब्दकल्पद्रुमपठनात् "लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालम्" इति तदभिप्रायेणैव पुष्पदन्तपाठाच्चापि शारदा सरस्वत्येव, तस्याः शारदाया इदं शास्त्रं शारदं सारस्वतचन्द्रिकादिरूपम्, तस्मिन्नासमन्तात् (सर्वभावपरित्यागेनैकाग्रचित्ततया) रक्तिः प्रेम, तया रक्तः परिप्लुतोऽभूदिति शेषः, सारस्वतचन्द्रिकादिपठनानुरागवान् सम्वृत्त इतिभावः। तदनुरागेणैव तत्र निष्णातोऽभूदितितत्त्वार्थः। पूर्वन्तेन सारस्वतचन्द्रिकेऽधीते, तत्सूत्राणां सरस्वत्युक्तत्वात्सारस्वतत्वम्। तौ च व्याकरणग्रन्थौ, ततः सर्वस्यापि विद्याविषयस्य व्याकरणमूलकत्वात् तदधीतः सकलोऽपि शास्त्रविषयः सारस्वत एव। स एव शारदशब्देनाभिधीयत इति तद्भावभावितो न्यायवेदान्तादिज्ञानसम्पन्नोऽभवदितिशेषस्तथाभूतो जीयात्॥

भावार्थ—फिर उन्होंने क्या किया इसका उत्तर "शारदा

रक्तिरक्तः" प्रगट करता है। शारदा, (सरस्वती), शारदा का कहा हुआ शास्त्र सारस्वत चन्द्रिका भी शारद नाम से ही कहा जा सकता है। उसमें 'आरक्ति' पूरा-पूरा सम्बन्ध अथवा लगाव, 'रक्त' का अर्थ पूरे लवलीन है। तात्पर्य यह कि सारस्वत और चन्द्रिका को इन्होंने पूरा प्रेम लगाकर पढ़ा। यह दोनों व्याकरण के ग्रंथ हैं। व्याकरण ही सारे शास्त्रों का सार है। इसलिये इन्होंने जो कुछ पढ़ा, वह सब ही शारद बन गया। अतः इनके पढ़े हुये सभी शास्त्र न्याय वेदान्त मीमांसादि शास्त्र सारस्वत कहलाने लगे। उसके प्रेम में लगे हुये पूर्वोक्त विशेषणों से युक्त श्री विजयानन्द सूरि जी विजय को प्राप्त करें ॥५६॥

अथ षष्टितमोऽर्थः

दिग्जेता—

अत्र दिग्—जा—आ—ई—ता—इति छेदः। तत्र दिक्षु पूर्वदक्षिणपश्चिमासु, जा समुद्रवेला समुद्रतट-मितियावत्, आ आङ्मर्य्यादायाम्, ईम् गतिम् तायते—पालयतीतिदिग्जेता। जा समुद्रवेलेत्यभिधानराजेन्द्रः, "वी गतिव्याप्तिप्रजनकान्त्यसनखादनेषु" अत्र ईकारोऽपि धात्वन्तरम् प्रश्लिष्यत इतिदीक्षितः। तेन अयनम्, "ईः" इत्यत्र—ईधातोर्भावे क्विप्, ततश्च "तायृ सन्तानपालनयोः" इतिधातोः कर्त्तरि क्विप्, तस्मात्

समुद्रवेलां यावत् गतिमान्—पद्भ्यामेव गन्ता इत्यर्थः। एभिर्महात्मभिर्गुजरातकाठियावाड़मारवाड़मेवाड़मालवा-मध्यप्रान्तपाञ्चालप्रभृतिषु देशेषु पद्भ्यामेव प्रयाणं भ्रमणं कृतमितिनिष्पन्नम्। तच्च भारतवर्षमात्र एव, नान्यत्राऽम-रीकादौ यानमारूह्य गमनस्य तद्धर्मशास्त्रेषु निषिद्धत्वात्। अनेन च अमरीकाया आह्वाने समायातेऽपि तत्र यानं न कृतमितिबोधितम्, पद्भ्याम् तत्र गमनस्याशक्यत्वात्, यानमारूह्य गमनस्य निषेधाच्चेतिदिक्॥

भावार्थ—अब हम "दिग्जेता" पद से ही इन महात्मा को पादविहारी सिद्ध करते हैं। इसके दिग्–जा–आ–ई-ता ये पाँच टुकड़े हैं। 'दिग्' का अर्थ पूर्व पश्चिम दक्षिणादि दिशा, 'जा' का अर्थ समुद्र का किनारा, 'आ' का अर्थ मर्यादा, 'ई' का अर्थ चलना, 'ता' का अर्थ पालन करना, अर्थात् पूर्वादि सभी दिशाओं में समुद्र के किनारे तक अपने धर्म की मर्यादा में रहकर किसी भी सवारी बिना पाँवों से चलकर ही विहार की मर्यादा पालन करते रहे। गुजरात, काठियावाड़, मारवाड़, मेवाड़, मालवा, मध्यप्रान्त और पाञ्चालादि देशों में भ्रमण करने वाले, भारतवर्ष मात्र में रहकर अपने धर्म का उपदेश करते हुए धर्म की मर्यादा पालने वाले श्री विजयानन्द सूरि जी विजय को प्राप्त होवें। शेष विशेषण पूर्ववत्॥६०॥

नोट—इस वचन से यह भी सिद्ध हो गया कि अमरीका आदि देशों से बुलावा आने पर भी आप वहाँ नहीं गये। क्योंकि

बिना किसी सवारी के वहाँ जाना असम्भव था और किसी प्रकार की भी सवारी पर चढ़कर जाना इनके धर्म के विरुद्ध था। इसलिये वह अपने धर्म की मर्यादा ही पालन करते रहे और अपनी अनुपस्थिति की पूर्त्ति के लिये अपने प्रतिनिधि तरीके मि० वीरचन्द राघव जी गांधी बी० ए० को शिकागो (अमेरिका) में भेजकर सार्वभौमधर्मपरिषद् में जैनधर्म की प्रधानता, सिद्धान्त और अनेकान्तवाद का प्रचार करा कर अपनी दक्षता और दूरदर्शिता का खूब परिचय दिया ॥६०॥

अथैकषष्ठितमोऽर्थः

जिष्णुजिह्वैर्मतिनुतिगतिभिः पूजितो
योगाभोगानुगामी जीयात्—

मतिः—नुतिः—गतिः—भिः—इति छेदः। अत्र वर्णसामान्यान्निरुक्तिर्निरुक्तमतेन बोध्या। "मो मन्दिरे च माने च सूर्ये चन्द्रे शिवे विधौ" इत्येकाक्षरकोपः, "नु स्तुतौ वारिणि वितर्के च" इत्यभिधानराजेन्द्रः, गः सर्वगः [सर्वं गच्छति जानातीति ज्ञानार्थे गमने प्रयोगः], अतएव सर्वगः सर्वज्ञ इतियावत्। तदित्थम्—मानि मन्दि-राणि तनोति—विस्तारयत्यसौ मतिः, नुः वितर्कान् तक्षति ह्रासयत्यसौ नुतिः, गं सर्वज्ञं तन्त्रयते कुटुम्बयते स्वकी-यत्वेन स्वीकरोतीत्यर्थः—असौ गतिः, भातीति भिः—

भास्वरः । इत्यत्र सर्वत्र "सर्वधातुभ्य इन्" इत्यौणादिक इन, बाहुलकाड्डित्त्वम, डित्वाट्टिलोपः । तन्—तत्—तन्त्र—भा इतिचतुर्णामेव धातूनां तिः, तिः, तिः, भिरितिरूपचतुष्टयसिद्धिः । तदुक्तं—

"संज्ञासु धातुरूपाणि प्रत्ययाश्च ततः परे ।
कार्याद्विद्यादनुबन्धमेतच्छास्त्रमुणादिषु ॥

अन्यच्चाप्युक्तम्—

"सुप्तिङुपग्रहलिङ्गनराणां कालहलच्स्वरकर्तृयङाञ्च,
व्यत्ययमिच्छति शास्त्रकृदेषां सोऽपि च सिद्ध्यति बाहुलकेन"

उणादयो बहुलमितिसूत्रयता पाणिनिना ध्वनितम् । भाष्यकृताऽपि लृकारस्य पृथगुपदेशे कारणं निर्दिशता "लृफिडः—लृफिड्डः" इत्युदाहरता फिडफिड्डावौणादिकप्रत्ययावितिप्रतिपादयता च स्फुटतान्नीतम् । ततश्च मतिश्चासौ नुतिर्मतिनुतिः, मतिनुतिश्चासौ गतिर्मतिनुतिगतिः, स चासौ भिरिति मतिनुतिगतिभिः एवम्भूतः सन् जिष्णुजिह्वैः पूजितः सत्कृतः ॥

योगाभोगानुगामी, य—अग इति छेदः । अगः—सूर्यः "अगः स्यान्नगवत्तरौ, शैले, सरी सृपे, भानौ" इतिहैमः । यो भवान् अगाभः—अगस्य सूर्यस्य इव

आभा दीप्तिर्यस्याऽसावगाभः परमतेजस्वी, यकारपरस्थितविसर्गस्योत्वे कृते "आद्गुणः" इति गुणे च कृते "एङःपदान्तादति" इत्यगस्याद्याकारलोपेन योगाभ इतिरूपं। ततश्च गानुगामी, गो ज्ञानम्, "गो गौरीत्याद्यारभ्य भोगवती च हृदयं ज्ञानं जालन्धरो लव" इत्यन्तं शब्दकल्पद्रुमोक्तत्वात्, ज्ञानाऽनुगामीत्यर्थः। एतेनायं महात्मेतरेषां तर्कवितर्कान् निराकृत्य मन्दिराणि निर्माप्य ज्ञानदानद्वाराऽसङ्ख्यान् पूजकसामाजिकानकृतेति ध्वनितमिति नास्ति सन्देहावसरः। ततोऽन्यान्यपि विशेषणानि नियोज्य जीयादित्यनेनान्वयः॥

भावार्थ—"मतिनुतिगतिभिः पूजितो जिष्णुजिद्भैः योगाभोगानुगामी" से इनके कार्यों का वर्णन किया जाता है। म—मन्दिर, ति–विस्तार, नु–तर्क, 'ति' का अर्थ काटना या हटाना, 'ग' का अर्थ ज्ञान वाले सर्वज्ञ, 'ति' का अर्थ अपनाना, 'भि' का अर्थ चमकना, अर्थात् मन्दिरों को जहाँ-तहाँ बड़े-बड़े शहरों में बनवाकर और उनके विरोध में विरोधी दल को विरुद्ध तर्कों को (दलीलों को) काट कर और सर्वज्ञ महाराज को सेव्यत्वेन (पूज्यभाव से) अपनाकर चमकने वाले अर्थात् शोभा पानेवाले और विद्वानों से पूजे हुये, सूर्य के समान ज्ञानप्रकाश फैलाने वाले तथा पूर्वोक्त विशेषणों से युक्त श्री विजयानन्द सूरि विजय प्राप्त करें॥६१॥

अथ द्वाषष्ठितमोऽर्थः

ततश्चानेनानेकान् ग्रन्थान् रचयित्वा बहूपकृतमिति ध्वनिः—

शारदारक्तिरक्तः—

शसयोरैक्यादत्र सारदेति छेदः। सारो बलम् "सारो बले, स्थिरांशे च, मज्ज्ञि, पुंसि जले, धने, न्याये, क्लीबे त्रिपु वरे" इतिमेदिनी। दाः—दानम् "डुदाञ् दाने" इत्यस्मात् क्विप्, सारस्य दाः सारदाः (बलदानम्), स च विशेषेण ज्ञानित्वात् ज्ञानस्यैव बलं दातुं योग्यः, तदपि सर्वसाधारणम्प्रति ज्ञानबलं पुस्तकैरेवानायासेन दीयते, ततो बलदानार्थं ग्रन्थरचनमेव सारदाक्रिया, तस्यां रक्ति—लवलीनता, तया रक्तः—आभिमुख्येन स्वाभिमुख्येन रत इत्यर्थः। यद्वा सारस्तत्त्वम्, तस्य दा शोधनम् (निर्णयः) सारदा, इत्यस्य तत्त्वनिर्णय इत्यर्थः, तस्य रक्त्या रक्तो लवलीन इत्यर्थ एव बोध्यः। तत्र—"दैप् शोधने" इत्यतः क्विप्, सोऽपि (तत्त्वनिर्णयोऽपि) ग्रन्थनिर्माणेनैव सुगमरीत्या सर्वसाधारणं प्रति सुप्रतिपाद्यः स्यादिति, अतएव तत्त्वनिर्णयनामक एव ग्रन्थो व्यरचीति। ततश्चान्यान्यपि पुस्तकानि तत्त्वप्रतिपादनार्थसाररूपेणैव रचितानि। तैरुपकारक रक्तिरक्तः स जीयादिति सम्बन्धः॥

भावार्थ—"शारदारक्तिरक्त" इस पद से यह सिद्ध करना है कि उन्होंने बहुत से ग्रंथ रचकर संसार का बहुत उपकार किया है। 'शार' का अर्थ बल या तत्त्व है, 'दा' का अर्थ देने वाला या शोधन (निर्णय) करने वाला, इन महात्माओं में ज्ञान की अधिकता होने से ज्ञानरूपी बल देना और तत्त्वार्थ अर्थात् असली अर्थ का निर्णय करना सिद्ध होता है, वह ग्रन्थ रचना से ही अच्छी तरह किया जा सकता है। इसीलिये उन्होंने "तत्वनिर्णयप्रासाद" नामक ग्रन्थ उदाहरण रूप से लिखा। जिसको देखकर यह अनुमान किया जाता है कि उन्होंने ऐसे और भी ग्रन्थ जगदुपकारार्थ लिखे हैं। इससे सिद्ध हुआ कि बहुत से तत्त्वनिर्णयप्रासादादि ग्रंथों की रचना करके जगत् का उपकार किया है। ऐसे श्री विजयानन्द सूरि जी विजय प्राप्त करें। शेष विशेषणपूर्ववत् ॥६२॥

अथ त्रिषष्टितमोऽर्थः

दायादयात्री जीयात—

दयानां समूहो दायम्, तम् दायम् आददते—स्वीकुर्वन्ति ते दायादा जैनाः, तेषु दायादेष्वेव यात्रयतीत्येवंशीलो दायादयात्री, जैनसम्प्रदाये विहरणशीलइत्यर्थः। यात्राशब्दात् "तत्करोति तदाचष्टे वा"—इत्यस्मिन्नर्थे नामधातुविषयके णिचि कृते ताच्छील्ये णिनिः। यद्वा "दः—दयायाम्" इत्येकाक्षरकोषः, तस्य दस्य—अयो

गतिः—दायः, पुनश्च दाः क्षीणाः, न दाः—अदा अक्षीणाः प्रबलाः, दाये अदाः—दायादाः, दयायां प्रबला इत्यर्थः । तेषु दायादेषु यां गतिं त्रायते (यात्रयति वा) इत्येवंशीलो दायादयात्री, दयाप्रधानेष्वेव यात्रया विहारीति भावः । जैनेष्वेव तद्गमनप्राधान्याज्जैनधर्मोद्धारकत्त्वमस्मिन् प्राशस्त्येन प्रतीयते, ततोऽयमपि जैन एवेति ध्वनिः । अतएवानेन जैनधर्मिषु बहूपकृतमिति सूपपादितम्, तदुपजीवित्वाद्गृहीततद्धर्मदीक्षाव्रतोऽयं जीयादित्यन्वयः ॥

भावार्थ—"दयादयात्री" इस पद से सिद्ध किया जाता है कि इन्होंने जैन धर्मावलम्बियों पर बहुत उपकार किये । दयामात्र एक धर्म को ही प्रधान धर्म मानकर उसे स्वीकार करने वाले अर्थात् जैनी लोगों में ही यात्रा करके विशेष रीति से धर्म की ओर झुकाकर और अपने धर्म के नियमों पर दृढ़ निश्चय वाले बनाकर जैनधर्म का उपकार करने वाले तथा पूर्वोक्त विशेषणों से युक्त श्री विजयानन्द सूरि जी विजय को प्राप्त करें ॥६३॥

अथ चतुः षष्टितमोऽर्थः

खलबलदलनो जीयात्—

'खः—वितर्के, लः—वादे' इत्यभिधानराजेन्द्रः, वल् सम्वरणे धातुः। तदित्थम्—खेन वितर्केण लं वादं वलन्ते (संवृण्वते) ते खलवला, गोरण्डाः (अङ्गरेज़ाख्याः),

तेषामपि दलनः स्वतर्केणपरिमर्दनः । 'एतेन महात्मकृतग्रन्थावलोकनेन 'हर्नले साहेब' इत्युपाधि-धारिणा तद्धृदय एव प्रधर्षणाऽनुभवात् स्वग्रन्थे तत्प्रशं-साकरमपि ध्वनितम् । एवम्भूतो जीयात् ॥

भावार्थ—"खलबलदलन" इस पद से यह सिद्ध किया जाता है कि जैनधर्म में रहकर इन्होंने "हार्नले"* साहब जैसे अंग्रेजों के चित्त पर भी विशेष प्रभाव डाला। 'ख' का अर्थ वितर्क (दलील बाजी) 'ल' का अर्थ वाद (झगड़ा) 'वल' का अर्थ लपेटना अर्थात् दलीलबाजी से झगड़े में लपेटने वाले, ईसाई अंग्रेजादियों को भी दलने वाले, (अपने तर्क से नीचा दिखाने वाले) इससे इन महात्मा के लिखे हुये ग्रन्थों को देखते ही हार्नले साहब अपने दिल में हार मानने का अनुभव करके अपने ग्रन्थ में इनकी प्रशंसा करने लगे, इस प्रकार के प्रभावशाली तथा पूर्वोक्त विशेषणों से युक्त श्री विजयानन्द जी विजय को प्राप्त करें ॥६४॥

---

*यह चोटी के पाश्चात्य विद्वान् हुए हैं, इनका सम्पूर्ण नाम और पद नीचे दिया जाता है।

A. F. Rudolf Hoernle, Ph. D. Tubingen, Fellow of the Calcutta University, Honorary Philoligical Secretary to the Asiatic Society of Bengal.

अथ पञ्चषष्टितमोऽर्थः

जिष्णुजिह्वैर्मतिनुतिगतिभिः पूजितः—

जयन्तीति जिष्णवो जयशीलाः, तेऽपि गोरण्डा एव भारतजयेनैव तेषां राज्यस्थितेरवलोकनात्, तेषु जिष्णुषु ये जिह्वाः, जिह्वा इव कर्मकर्त्तरि व्याख्यातारस्ते जिष्णुजिह्वाः, तैर्जिष्णुजिह्वैर्मतिनुतिगतिभिर्लक्षणलक्षि-

---

आपने जैनधर्म के एक नामी प्राकृत ग्रंथ "उपासकदशांग" का अंग्रेजी अनुवाद सन् १८८८ में छपवाया। उसकी भूमिका में आपने लिखा है कि—"For some of this information I am indebted to Muni Maharaj Atmaram Ji Anand Vijay Ji, the well known and highly respected Sadhu of the Jain Community throughout India, and author of (among others) two very useful works in Hindi, the Jaina Tattwadarsha mentioned in note 276 and the Agyana Timira Bhaskara. My only regret is that I had not the advantage of his invaluable assistance from the very beginning of my work".

इस लेख का सारांश यह है कि किंचित् शास्त्रीय ज्ञान के सम्बन्ध में मैं मुनि महाराज श्री आत्माराम जी, आनन्दविजय जी का ऋणी हूँ। यह महात्मा हिन्दुस्तान भर की जैनप्रजा के प्रसिद्ध और परम पूज्य साधु हैं। इन्होंने हिन्दी में कई ग्रन्थों की रचना

ताभिस्तत्कृतग्रन्थादिनिरीक्षणेन लक्षितः पूजितः (प्रशस्तः), एतत्कृतग्रन्थानामनुशीलनेनैतस्य मत्या नुतिर्गतिश्चापि द्वेऽप्यनुमिते तैः । नुतिः प्रशस्ता गति-र्विज्ञानम्, ताभिर्युक्तमेनमपि ते प्रशंसितवन्त इति भावः । तथाभूतो जीयादित्यन्वयः ॥

भावार्थ—अमेरिका में दुनिया के सर्व धर्मों की सभा में भी इनकी बहुत प्रतिष्ठा और अच्छा मान किया गया, यह अर्थ "जिष्णुजिह्वैर्मतिनुतिगतिभिः पूजितः" इससे प्रगट किया जाता है। जिष्णु का अर्थ भारतवर्ष पर विद्यमान समय में विजय पाने वाले, अर्थात् उनमें भी जिह्वा से काम करने वाले, अर्थात् बड़े-बड़े विख्यानदाता, धर्म के नेता लोगों ने अपनी बुद्धि के अनुसार धर्म की प्रशंसा में इन महात्मा जी की गति (पहुंच) को इनके किये हुए ग्रन्थों से देखकर इनकी विद्वत्ता का अनुमान

की है, जिनमें जैनतत्त्वादर्श और अज्ञानतिमिरभास्कर बहुत उपयोगी रचनायें हैं। खेद है कि मुझे ऐसे महात्मा की बहु-मूल्य सहायता का लाभ अपनी रचना से पूर्व नहीं मिला। इतना ही नहीं, इसी मि० हार्नेल ने १८९० में उपासकदशाङ्ग ग्रंथ संस्कृत टीकासहित छपवाया, उसके आदि में महामुनि श्री आत्माराम जी और उनके रचे शास्त्रों की प्रशंसा निम्न श्लोकों में की है:—

दुराग्रहध्वान्तविभेदभानो, हितोपदेशामृतसिंधुचित्त ।
सन्देहसन्दोहनिरासकारिन्, जिनोक्तधर्मस्यधुरंधरोऽसि ॥१॥

करके (पूजितः) प्रशंसा की है, ऐसी प्रशंसायुक्त श्री विजयानन्द जी विजयी होवें। शेष विशेषण पूर्ववत् ॥६५॥

• अथ षट्षष्ठितमोऽर्थः

जेतृजेता जीयात्—

जयन्तीति जेतारः (श्रीवीरचन्द्रराघवजीगांधीप्रभृतयः), तैरुपकरणभूतैः (तद्द्वारा) जेता जयप्राप्तिशीलः, शिकागोसम्मेलने धर्मशृङ्खलया प्रतिबद्धत्वात् स्वयंगन्तुमशक्यत्वाच्छ्रीवीरचन्द्रद्वारा तत्प्रश्नोत्तराभिधानकपुस्तकप्रहिण्डनेन ख्यातिलाभात् श्रीवीरचन्द्रादीनामपि ख्यातिप्रसरणादस्यैव महात्मनो जयलाभः, अतो जेतृद्वारैव जेता—इत्यर्थोऽपि साधु घटते। मन्दिरादीनां निर्मापणं

अज्ञानतिमिरभास्करमज्ञाननिवृत्तये सहृदयानाम्।
आर्हततत्त्वादर्शं ग्रंथमपरमपि भवानकृत ॥२॥
आनन्दविजय श्रीमन्नात्माराम महामुने।
मदीयनिखिलप्रश्नव्याख्यातः शास्त्रपारग ॥३॥
कृतज्ञताचिन्हमिदं ग्रंथसंस्करणं कृतिन्।
यत्नसम्पादितं तुभ्यं श्रद्धयोत्सृज्यते मया ॥४॥

भावार्थ यह है कि हे दुराग्रह रूप अंधेरे को दूर करने में सूर्यसमान, हे हितोपदेश रूप अमृतसागर में चित्त-स्थापन करने वाले, हे सन्देह के समूहों को दूर करने वाले, आप जिनोक्त

सर्वज्ञमतप्रचारश्चैकषष्ठितमेऽर्थे सुस्पष्टतया ध्वनितम्। पुनरावर्त्तनप्रवादभिया तदत्रोपेक्ष्यते, एवंवृत्तः स जीयादित्यन्वयः ॥

भावार्थ—अब "जेतृजेता" इस पद से यह सिद्ध किया जावेगा कि शिकागो की धर्म-सम्मेलननामक सभा में उनके प्रश्नों का उत्तर श्री वीरचन्द्रनामक अपने एक श्रावक द्वारा भेजकर आपने सुयश प्राप्त किया। 'जेतृ' का अर्थ जीतने वाले श्री वीरचन्द्र राघवजी गान्धी सरीखे अपने सेवक द्वारा, 'जेता' का अर्थ पूर्वोक्त सर्व धर्म-सम्मेलन, उस में उनके प्रश्नों का उत्तर लिखकर भेजने से यश प्राप्त करने वाले श्री विजयानन्द सूरि जी विजय को प्राप्त करें। शेष विशेषण पूर्ववत् ॥६६॥

अष्टादश दूषणरहित सर्वज्ञप्रणीत धर्म के धुरंधर हैं ॥१॥

आपने सज्जन पुरुषों के अज्ञान की निवृत्ति के लिये अज्ञानतिमिरभास्कर और आर्हततत्त्वादर्श (जैन तत्त्वादर्श) आदि ग्रंथ रचे हैं ॥२॥

हे आनन्द विजय ! हे श्रीमान् ! हे आत्माराम ! हे महामुने ! हे मेरे सम्पूर्ण प्रश्नों के उत्तर देने वाले ! हे शास्त्रों के पारगामिन् ! हे पुण्यात्मन् ! आपने मेरे ऊपर जो उपकार किये हैं, उनके बदले में कृतज्ञता के चिन्हरूप यत्नपूर्वक सम्पादन की हुई इस पुस्तक को श्रद्धा से मैं आपको अर्पण करता हूँ ॥३। ४॥

अथ सप्तषष्टितमोऽर्थः

केदारौदास्यदारी जीयात्—

"कः कामः" इत्येकाक्षरकोषः, ईः प्रत्यक्षे (दर्शने), "ईः—विषादे दुःखभावनायाम् क्रोधे अनुकम्पायाम् प्रत्यक्षे" इत्यभिधानराजेन्द्रः। तस्य कस्य कामस्य ईम्—प्रत्यक्षम् (साक्षात्करणम्) दहति द्यति वाऽसौ केदः शिवः, तस्य केदस्य अरि शत्रुः सोऽपि काम एव, केपूर्वाद् "दह भस्मीकरणे" इत्यतः "दो खण्डने" इत्यस्माद्वा डःप्रत्ययः, डित्वाट्टेर्लोपः। "दः—देवे" इत्येकाक्षरकोषः, तस्मिन् केदारौ कामविषये तु दानाम्—देवानामप्यास्यं दृणाति दारयति वेत्येवंशीलः केदारौदास्यदारी, "तत्पुरुषे कृति बहुलम्" इति सप्तम्या अलुक्, बाहुलकात्कृदन्तान्ते परेऽप्यलुगेव, कामे तु देवा अप्याश्चर्येण मुखं व्यादाय विस्मयन्त इति भावः। तदुक्तम्—

"कामः सर्वात्मना हेयो यदि त्यक्तुं न शक्यते।
मुमुक्षां प्रति कर्त्तव्यः सैव तस्य हि भेषजम्॥"

इत्युक्तत्वात् सदा सर्वथा सर्वकामनां परित्यज्य मोक्षकामोऽयमिति भावः॥

भावार्थ—बुद्धिमानों को केवल मोक्ष की कामना छोड़कर और सब प्रकार के इन्द्रियजन्य कामविषय छोड़देने चाहियें। ये महात्मा मोक्षकामी थे। इस बात को सिद्ध करने वाला "केदारौ-दास्यदारी" पद है। 'क' का अर्थ कामदेव और 'ई' का अर्थ दर्शन, 'द' का अर्थ फूकने वाला, 'अरि' का अर्थ शत्रु, फिर 'द' का अर्थ देवता, 'आस्य' का अर्थ मुख, 'दारी' का अर्थ खोलने वाला, अर्थात् कामदेव को दर्शनमात्र से फूक देने वाले, जो कामदेव शिवजी महाराज का शत्रु हुआ, उस कामदेव (मदन) के विषय में तो आश्चर्य के मारे देवता लोग भी मुँह फाड़ कर देखते रह जाते थे कि त्रिलोकविजयी मदन (कामदेव) का कैसा मुख भञ्जन किया। तद्विषयक सारी कामनाओं को छोड़कर केवल मोक्ष की कामना वाले श्री विजयानन्द सूरि विजयी होवें। शेष विशेषण पूर्ववत् ॥६७॥

अथाष्टषष्टितमोऽर्थः

लोललीलस्वलज्जो जीयात्—

"लोला जिह्वा" इतिशब्दार्थचिन्तामणिः, लोलाया जिह्वाया लीलाः—विलासाः, "लीलां विदुः केलिविलासे-त्यादिकेषु" इतिविश्वः। ते च द्विविधाः, प्रथमा आस्वाद-विषयकाः, द्वितीयाश्च वचनविषयकाः, प्रथमास्तावत् कटुतिक्तकषायमधुराम्ललवणाद्या विविधा आस्वादाः समधिकमास्वदन्ते पुरुषाणाम्, द्वितीयाश्चापि वादविवाद-

योर्निग्रकोटयां निपातनाद् वादिनां चित्ताह्लादनाय गीतादीनां गानेनोपहासोक्तिषु तत्क्षणमेव प्रतिभाभास्वरैरुत्तरैः पठनपाठनादिषु चापि तत्सहायताप्रदानैरतीवानन्दप्रदाः, ते वाग्विलासा इत्याख्यायन्ते, सर्वास्ता लीलाया एव लीलाः कथ्यन्ते। तासु लोललीलासु स्वरन्ति—आक्षिपन्तीति स्वरन्तः, तान् स्वरतो जयतीति लोललीलस्वलज्जः। यदा साधवो निर्मर्यादा भूत्वा जिह्वाविलासवशगाः सन्तो लोकलोचनगोचरा भवन्ति, तदा लोकाः तेष्वाक्षेपान् कर्त्तुमारभन्ते। परमयं महात्मा तु यथालाभं भोजनादनस्वादपरोऽनुचितवाग्विलासाप्रयोगाच्च संयत एवासीदितिहेतोरेवाक्षेपकारिणामनवकाशप्रदानादेव तज्जेताऽभूदिति, अतिशक्तेः परिपन्थिनोऽपि नोत्सहन्त आक्रमणं विधातुम्। "स्वर्—आक्षेपे" इति चौरादिकाच्छत्रन्तात्परस्थितात् "जि जये" इत्यस्माड्डः प्रत्ययः, णिचोऽनित्यत्वान्नात्रप्रयोगः, रलयोरैक्याल्लप्रयोगः। ततोऽशिष्टविशेषणान्वयम्विधाय जीयादित्यनेन सन्धेयः॥

भावार्थ—इन महात्मा ने चंचल जिह्वा के वश में न पड़कर अधिक जिह्वा चलाने वाले निन्दक जनों को जिह्वा चलाने का अवकाश नहीं दिया और नाहीं अपने आप उसका अनुचित प्रयोग किया, इस बात को सिद्ध करने वाला पद "लोललीलस्वलज्जः" है। 'लोल' का अर्थ चंचल जिह्वा, 'लीला' का अर्थ आनन्द, 'स्वलज्जः'

का अर्थ कटाक्ष करने वालों को लज्जित करने वाला अर्थात् चंचल जिह्वा के दोनों प्रकार के आनन्द के विषय में कटाक्ष करने वालों को लज्जित करने वाले, कटाक्ष करने वालों को मौका ही नहीं मिलता था कि वह अंगुली उठा सकें, क्योंकि इनके व्यवहार को देखकर वह स्वयं ही लज्जित हो जाते थे। जिह्वा के दो प्रकार के आनन्द हैं, एक तो खट्टे, मीठे, चटपटे पदार्थ खा कर आनन्द लेना, और दूसरा अनुचित शब्दों को बोल कर किसी पर कटाक्ष करना वा हँसी-मखौलादि से दूसरे के चित्त पर चोट लगाना। परन्तु यह महात्मा इन दोनों विषयों पर विजय पाये हुए थे, अर्थात् समय पर जैसा भोजन प्राप्त होता, वैसा पा लेते और असह्य शब्दों से किसी के हृदय पर आघात भी न पहुँचाते थे। ऐसे गुणों से विशिष्ट श्री विजयानन्द सूरिवर विजयी होवें। शेष विशेषण पूर्ववत् ॥६८॥

अथैकोनसप्ततितमोऽर्थः

लोललीलस्वलज्जो जीयात—

"लोलाः—स्त्रियः" इतिशब्दार्थचिन्तामणिः, तासां लोलानां (स्त्रीणाम्) लीलाः—विलासाः (हावभावकटाक्षरूपाः) इतिलोललीलाः, लोललीला एव स्वम् धनं यासान्ता लोललीलस्वाः, लोललीलस्वाः लज्जन्ते यस्मात् स लोललीलस्वलज्जः। प्रायेण कामिन्यो हावभावकटाक्षरूपैरेव स्वसर्वस्वैर्लोकान् मोहयन्ति (मदयन्ति), स्ववशीकृत्य

नानाप्रकाराश्चेष्टाः कुर्वन्ति । तद्वशगो भूत्वा मनुष्योऽपि यद्यत्ताः कारयन्ति, तत्तत्सर्वं समाचरति । तदुक्तम्भोज-कालीदासीये—

"न किं दद्यान्न किं कुर्यात् स्त्रीभिः स प्रार्थितो नरः ।
गर्दभा यत्र हेषन्ते तत्र पर्वणि मुण्डनम्" ॥

अन्यच्चापि

"एता हसन्ति च रुदन्ति च कार्यहेतोः,
विश्वासयन्ति हि परं न च विश्वसन्ति ।
शीघ्रं प्रविश्य सरलं हृदयं नराणाम्,
किं किं न वामनयना हि समाचरन्ति ॥" इत्यादि

परं प्रकृते त्वस्य महात्मनः समक्षन्तासां स्त्रीणाम् ता लीलाः शृङ्गारसर्वस्वरूपा एव ताः स्त्रिय एव लज्जयन्ति, तत्रप्रयोगस्यासाफल्यदर्शनाद् वैयर्थ्यापत्तेः । यथा च भर्तृशतके शान्तरसवर्णने श्रीमता भर्त्रा निगदितम्—

"बाले लीलामुकुलितममी मन्थरा दृष्टिपाताः
किं क्षिप्यन्ते विरम विरम व्यर्थ एष श्रमस्ते ।

सम्प्रत्यन्ये वयमुपरतं बाल्यमास्था वनान्ते
क्षीणो मोहस्तृणमिव जगज्जालमालोकयामः ॥"

अत्र तु समारूढयौवनानां परमोत्कृष्टनव्यस्त्रीणामपि कटाक्षादिप्रसारस्य साहस एव नोत्पद्यते, प्रत्युतः शृङ्गार-रसमुत्सृज्य शान्तवैराग्यरसयोः समुद्भवो लक्ष्यते। अनेनास्य महात्मनः प्रकाण्डशान्तरसमत्त्वं समुद्भाव्यत इति दिक् ॥

भावार्थ—इनके सामने बड़ी-बड़ी जगन्मोहिनी स्त्रियों को भी साहस न होता था कि उन पर अपना कोई स्त्रीचरित्र चला सकें। इस अर्थ को प्रगट करने वाला पद "लोललीलस्वलज्जः है। 'लोला' का अर्थ स्त्री और 'लीला' का अर्थ चरित्र, 'स्व' का अर्थ अपने आप, 'लज्जः' का अर्थ शर्मिन्दा होना, अर्थात् चपल-से-चपल स्त्रियों के चित्त में भी इनके तेज प्रताप के सामने कुदृष्टि करने का साहस ही नहीं होता था, प्रत्युत वह तो आप ही लज्जाभूषण-स्त्रीधर्म की मर्यादा में लज्जा के वश (आधीन) रहकर उनकी शरण में आकर सत्कर्म में प्रवृत्त हो जाती थीं। ऐसे सद्भाव वाले तथा पूर्वोक्त विशेषणों से युक्त श्री विजयानन्द विजयी होवें ॥६६॥

अथ सप्ततितमोऽर्थः

केदारौदास्यदारी जीयात्—

अत्र क, ई, द इति छेदः। क आत्मा, ई आनन्दः, दः—दीप्तः, प्रसिद्ध इति यावत्। केन—ईः आनन्दो यस्यासौ केः, केरित्येवं दः—दीप्तः (प्रसिद्धः) असौ केदः, अत्र 'आत्मानन्द' इतिनाम्ना प्रसिद्ध इति भावः। तत्सम्बुद्धौ हे केद! हे—आत्मानन्देति प्रसिद्धः "ककारो ब्रह्मणि, विष्णौ, कामदेवे, अग्नौ, वायौ, यमे, सूर्य्ये, आत्मनि" इत्यभिधानराजेन्द्रः। "ई रमा, मदिरामोहे, महानन्दे, शिरोभ्रमे, स्त्रीलिङ्गोऽयमुदात्तान्तो नातोऽस्माल्लोपनं सुप" इत्यप्यभिधानराजेन्द्रः, एकाक्षरकोषश्च। "दो दाने पूजने क्षीणे दानशौण्डे च पालके, देवे दीप्तौ दुराधर्षे" इत्येकाक्षरकोषः। औदास्यदारी, औदास्यम्—मनोमालिन्यम् (धर्मक्षतेर्दर्शनात्) दृणाति—दारयति वेत्येवंशील औदास्यदारी, "ताच्छील्ये णिनिः"। आर—प्राप्तोऽसि, "ऋ गतौ" इत्यस्य लिटि प्रथमपुरुषैकवचने रूपम्। धर्मस्य क्षीणतया सर्वत्र प्रसृतोदासीनताया धर्मोपदेशसञ्चारेण निवारको भवानायातः, तादृशस्सन् भवान् जीयात् सर्वोत्कृष्टतमत्वेन वर्ततामिति भावः। अवशिष्टपदानि यथापूर्वं योज्यानि॥

भावार्थ—अब इन महात्मा का प्रसिद्ध नाम निकाला जायेगा, जिसको प्रकट करने वाला "केदारौदास्यदारी" पद है। 'क' का अर्थ आत्मा, 'ई' का अर्थ आनन्द, 'द' का अर्थ प्रकाश, अर्थात् आत्मा शब्द से परे आनन्द शब्द जोड़ने से जो शब्द (आत्म-आनंद) बनता है उस आत्मानंद नाम से आप प्रसिद्ध हुए। आनंद का ही अर्थ बताने वाला दूसरा शब्द आराम है, इसको आत्मा के साथ जोड़ने से आत्माराम बन जाता है, इसीलिये इनका नाम आत्माराम भी प्रसिद्ध हुआ। 'औदास्य' का अर्थ उदासी (चिन्ता) 'दारी' का अर्थ नष्ट करने वाला, अर्थात् आत्मानन्द अथवा आत्माराम जी इस नाम से प्रसिद्ध धर्मरक्षा की चिंता को दूर करने वाले उस समय में आये थे जिस समय में जैनधर्म का सूर्य जैनाभासों की कुयुक्तियों के घटाटोपों से आच्छादित हो रहा था, जैनधर्म के महत्व का प्रकाश निस्तेज हुआ जाता था। जैनधर्म की प्राधान्यता का प्रवाह बंद हुआ जाता था। जैनधर्म के अनेकान्तवाद का झंडा गिरा जाता था और खास कर पंजाब में असली जैनधर्म का मार्गप्रदर्शक कोई न था और मूर्तिपूजा का निषेध खूब ज़ोर से किया जाता था। जैसे गीता में लिखा है कि जब-जब पाप बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब-तब मैं पापों को मिटाने के लिये और धर्म की रक्षा के लिये और पाप के नाश के लिये किसी उच्चात्मा वाले शरीर की रचना करके भेजता हूँ। ऐसे ही जैनधर्म की प्रभावना के लिये आये हुए अतुलबली श्री विजयानंद जी विजय को प्राप्त करें। शेष विशेषण पूर्ववत् ॥७०॥

अथैकसप्ततितमोऽर्थः

योगाभोगानुगामी जीयात्—

अत्र यः—अगा—भोगा—नुगा—मी—इति छेदः। यः सर्वत्र पूर्वाऽर्थेषु निर्दिष्टः प्रधानो नायकः 'श्री आत्मानन्दनामकः', अगः पर्वतः, कश्चिद् विशिष्टः पर्वतः, यत्र जैनाः साधवो महात्मानः सन्थाराकरणार्थमन्तसमये व्रजन्ति, तस्यागस्य आभोगः—विस्तरः, उच्चशिखरमितियावत्। तम् अगाभोगम् अनुक्रमेण गच्छन्ति तेऽगाभोगानुगाः, तेषामगाभोगानुगानाम् आ मर्यादायाम्, अन्तसमये इतियावत्, मः—मानम्, (सत्कारः) यस्यास्त्यसावगाभोगानुगामी । तत्र योऽगाभोगानुगामीति योगाभोगानुगामी, सर्वस्मिन्नायुषि धर्मोपदेशप्रचारेण यत्र तत्र धर्मस्थितिस्थापनानन्तरमन्तसमये तस्मिन् पर्वते गत्वा सन्थाराकरणाम् श्रेयस्करं मनुते स्म। अयं महात्मापि तथाभूतः स्वस्य सर्वकर्मसिद्धेरनन्तरञ्जीयात्, तादृशेष्वपि साधुषूच्चस्थानं लभतामिति भावः ॥

भावार्थ—यह महात्मा अन्त समय में किसी खास पर्वत वा तीर्थस्थान पर जहां जैनमतानुयायी महात्मा अन्त समय में सन्थारा करने के लिये जाना अच्छा समझते हैं, वहां पर ही सन्थारा करना चाहते थे, इस अर्थ का दिग्दर्शन "योगाभोगा-

नुगामी" पद सिद्ध करता है, । 'यः' का अर्थ जो, 'अग' का अर्थ पर्वत और 'आभोग' का अर्थ शिखर, 'अनु' का अर्थ पीछे, 'ग' का अर्थ जानेवाले, 'आ' का अर्थ मर्यादा के अन्दर, 'मी' का अर्थ सत्कार करनेवाले, अर्थात् धर्मप्रचार के अनन्तर जो महात्मा किसी पर्वत विशेष के शिखर पर जाने वालों की मर्यादा का सत्कार करने वाले हैं, ऐसे वह श्री विजयानन्द जी तथा पूर्वोक्त विशेषणों से युक्त विजयी होंवें ॥७१॥

अथ द्वासप्ततितमोऽर्थः

योगाभोगानुगामी जीयात्—

योगाः पूर्वोक्तैकसप्ततिष्वर्थेषु निर्दिष्टा अर्थविशेषाः, तेषामाभोगः परिपूर्णत्वम् , तम् अर्थसाफल्येनानुगच्छतीत्येवंशीलो योगाभोगानुगामी । अत्रैकसप्ततिमितेऽर्थसंग्रहे येऽर्था निर्दिष्टा, ते याथातथ्येनानुसरन्ति घटन्ते यस्मिन् महात्मनि सोऽयंमहात्मा अस्मच्चरित्रनायको जीयात् सर्वोत्कृष्टतमो भूयादित्यर्थः, इति शम् ॥

नेत्राङ्कनवचन्द्रेऽब्दे, माघशुक्लाष्टमीतिथौ ।
नीता पूर्तिमियंव्याख्या, वैजनाथेन धीमता ॥

भावार्थ—अब अन्तिम अर्थ भी इसी पद का लिखते हैं, 'योगा' का अर्थ पूर्वोक्त ७१ अर्थों में वर्णन किये हुये विशेष विशेष

अर्थों का सम्बन्ध है, 'आभोग' का अर्थ उन का पूरे २ घटना 'अनुगामी' का अर्थ अनुकूल चलना है, अर्थात् पूर्वोक्त सभी अर्थ पूरे २ योग से जिस महात्मा में घटते हैं एवं सही २ देखे जाते हैं वह महात्मा हमारे चरित्र नायक श्री विजयानन्द सूरि सर्वथा विजय को प्राप्त करें ॥ ७२ ॥